सुविचार

हमारी कमाई हुई संपत्ति का बंटवारा कोई भी कर सकता है, लेकिन हमारे कर्मों का बटवारा कोई नही कर सकता, हमारे द्वारा किए हुए कर्मों का फल हमें ही मिलेगा।

# प्रथम न्यूज़

PRATHAM NEWS राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

Website: www.prathamnews.in email:- dainikprathamnews@gmail.com

Pratham News @dainikprathamnews




गुजरात टाइटंस की लगातार चौथी जीत...

» पृष्ठ 7 पर


जालंधर, वर्ष: 16 अंक : 128 | दिनांक : रविवार, 10 मई 2026 | सम्पादक : विवेक धीर | सम्पर्कः | 97796-00900 | पन्ने- 10 | मूल्यः ₹ 2.00/- | RNI No I PUNHIN/2010/36540


## संक्षिप्त न्यूज

### बेअदबी कानून पर CM मान का बड़ा बयान

## बोले, किसी कीमत पर नहीं होगा कानून में बदलाव



**चंडीगढ़ ( ब्यूरो )**– पंजाब सरकार द्वारा लाए गए बेअदबी विरोधी कानून को लेकर विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी बीच मुख्यमंत्री भगवंत मान ने साफ कर दिया है कि सरकार किसी भी कीमत पर इस कानून को वापस नहीं लेगी और न ही इसमें कोई बदलाव किया जाएगा।

दरअसल, श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह ने पंजाब सरकार को 15 दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा था कि कानून से उन प्रावधानों को हटाया जाए जो श्री गुरु ग्रंथ साहिब, खालसा पंथ और सिख समुदाय की भावनाओं के खिलाफ हैं। इस मुद्दे पर आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि पूरे पंथ ने इस सख्त कानून का समर्थन किया है, लेकिन सिर्फ एक खास परिवार को इससे आपत्ति है। हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की मान–मर्यादा की रक्षा करना और बेअदबी जैसी घटनाओं पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करना है। उन्होंने दोहराया कि यह कानून भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए बनाया गया है और सरकार इस पर पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### WFI का विनेश फोगाट को बड़ा झटका

## जून 2026 तक घरेलू प्रतियोगिताओं से किया अयोग्य घोषित



**चंडीगढ़ ( एएम नाथ )**– हरियाणा से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आई है। भारतीय कुश्ती महासंघ वरेस्टलिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया ने पहलवान विनेश फोगाट को बड़ा झटका देते हुए शो–कॉज नोटिस जारी किया है। महासंघ ने यह कार्रवाई अनुशासनहीनता और डोपिंग विरोधी नियमों के कथित उल्लंघन को लेकर की है।

WFI ने विनेश फोगाट को जून 2026 तक घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, महासंघ ने उनसे तय समय सीमा के भीतर जवाब मांगा है। यदि उनका जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया तो आगे और सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

जानकारी के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय कुश्ती संस्था nited World Wrestling के नियमों के तहत किसी भी खिलाड़ी को संन्यास से वापसी करने से पहले कम से कम छह महीने तक एंटी–डोपिंग टेस्टिंग सिस्टम में उपलब्ध रहना अनिवार्य होता है। WFI द्वारा जारी 15 पन्नों के नोटिस में कहा गया है कि विनेश फोगाट ने वापसी से पहले निर्धारित अवधि के अनुसार सूचना नहीं दी, जो WFI संविधान, UWW नियमों और एंटी–डोपिंग प्रावधानों का उल्लंघन है। महासंघ ने यह भी आरोप लगाया कि उनके व्यवहार से भारतीय कुश्ती की छवि को नुकसान पहुंचा है और राष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदगी की स्थिति पैदा हुई। फिलहाल इस मामले को लेकर विनेश फोगाट की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# ED ने कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा को किया गिरफ्तार

## चंडीगढ़ में रेड डालने के बाद बड़ी कार्रवाई, पंजाब की राजनीति में मचा हड़कंप

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़

09 मई ( एएम नाथ )

प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने पंजाब के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा को गिरफ्तार किया है। शनिवार को चंडीगढ़ सेक्टर–2 स्थित आवास पर छापेमारी के बाद संजीव अरोड़ा को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की गई। ED संजीव अरोड़ा को यहां से गिरफ्तार कर अब दिल्ली के लिए रवाना हो गई है। वहीं पंजाब के एक पावरफुल मंत्री की गिरफ्तारी से सूबे की राजनीति में हड़कंप मच गया है। ED की कार्रवाई की हलचल पंजाब की सत्ता तक साफ दिख रही है।

जानकारी के अनुसार केंद्रीय जांच एजेंसी संजीव अरोड़ा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही है। अरोड़ा से संबंधित फ़र्मों के 150 करोड़ से अधिक के वित्तीय हेरफेर और स्न्रश्वरू नियमों का उल्लंघन करते हुए किए गए विदेशी लेन–देन की जांच की जा रही है। ED ने संजीव अरोड़ा से जुड़े कई बैंक खाते अटैच कर लिए हैं और इस नेटवर्क से जुड़े डीमैट खातों व म्यूचुअल फंड होल्डिंग्स को भी फ्रीज़ कर दिया गया है। यानि यह पूरी कार्रवाई करोड़ों रुपये के अवैध लेन–देन और घोटाले को लेकर की गई है।

### सुबह-सुबह ED ने दी दस्तक

शनिवार सुबह 7 बजे के आसपास श्वष्ठ टीम ने संजीव अरोड़ा के चंडीगढ़ सेक्टर–2 स्थित आवास समेत दिल्ली और गुरुग्राम के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई की। इस कार्रवाई के बीच भारी सुरक्षा बल को तैनात रखा गया। जानकारी ये भी सामने आई थी कि करीब 20 गाड़ियों में ED के अधिकारी छापेमारी की कार्रवाई करने पहुंचे थे। गौरतलब है कि ईडी की संजीव अरोड़ा के खिलाफ यह एक महीने के अंदर दूसरी बार छापेमारी की कार्रवाई थी। इससे पहले पिछले महीने ही ED ने लुधियाना में संजीव अरोड़ा के ठिकानों पर छापेमारी की थी। जबकि अभी दो दिन पहले ही मोहाली और चंडीगढ़ में बिल्डरों और कारोबारियों पर श्वष्ठ ने रेड मारी थी।



### CM भगवंत मान का BJP पर बड़ा हमला



संजीव अरोड़ा पर ED की रेड को लेकर पंजाब के सीएम भगवंत मान ने बीजेपी पर बड़ा हमला बोला है। सीएम मान का कहना है कि बीजेपी ED का डर दिखाकर अपनी पार्टी में ज्वानिंग कराना चाहती है। सीएम मान ने लिखा, आज फिर से BJP की ED संजीव अरोड़ा के घर आई। एक साल में ये तीसरी बार उनके घर BJP की ED आई है। और पिछले एक महीने में दूसरी बार। फिर भी कुछ नहीं मिला है इनको। मैं मोदी जी को बताना चाहता हूँ कि पंजाब गुरुओं की धरती है औरंगजेब भी नहीं झुका सका था। ये भगत सिंह की धरती है जो अंग्रेजों के सामने कभी नहीं झुके, तो मोदी के इन हथकंडों के सामने पंजाब कभी नहीं झुकेगा। ED-BJP के इस अनैतिक गठबंधन का अंत पंजाब से ही होगा।

### संजीव अरोड़ा केजरीवाल के करीबी

उद्योग, बिजली और लोकल बॉडीज ये तीनों ही सरकार के अंदर बड़े और अहम विभाग माने जाते हैं और इन तीनों विभागों का एक साथ अरोड़ा के पास रहना यह दर्शाता है कि मान सरकार में उनका कद कितना बड़ा है। आपको बता दें कि संजीव अरोड़ा AAP सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के काफी करीबी माने जाते हैं। केजरीवाल के साथ–साथ वह सीएम भगवंत मान की भी पसंद हैं। अरोड़ा के मंत्री बनने के पीछे ये भी एक अहम कारण है।

### संजीव अरोड़ा नेता होने के साथ-साथ पंजाब के एक बड़े बिजनेसमैन

लुधियाना से ताल्लुक रखने वाले संजीव अरोड़ा एक वरिष्ठ राजनीतिक नेता होने के साथ–साथ पंजाब के एक बड़े बिजनेसमैन भी हैं। वह पंजाब से आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद भी रह चुके हैं। लुधियाना वेस्ट से विधायक निर्वाचित होने से पहले संजीव अरोड़ा राज्यसभा सांसद थे। उपचुनाव जीतने के बाद उन्होंने राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। संजीव अरोड़ा पिछले साल जून 2025 में लुधियाना वेस्ट सीट से उपचुनाव जीतकरक्क विधायक बने थे। विधायक बनने के बाद कुछ ही दिनों में संजीव अरोड़ा को कैबिनेट मंत्री बनाकर सीएम भगवंत मान नेक्क सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल का वह वादा पूरा किया था। जिसमें केजरीवाल ने लुधियाना चुनाव प्रचार में एक जनसभा के दौरान लोगों से कहा था कि अरोड़ा को यहां से जिता दो, उन्हें मंत्री बना देंगे।

### संजीव अरोड़ा पर ईडी एक्शन एजेंसियों का दुरुपयोग : अरविंद केजरीवाल



**नई दिल्ली ( एएम नाथ )**– आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब सरकार में मंत्री संजीव अरोड़ा के घर ईडी की रेड पड़ने पर बीजेपी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि ईडी के सहारे भाजपा ने पंजाब को ललकारा है। पंजाब न पहले झुका था और न अब झुकेगा। पंजाब ही भाजपा और ईडी के बीच अनैतिक गठजोड़ को खत्म करेगा। पंजाब गुरुओं की धरती है। पंजाब ने औरंगजेब को भी जवाब दिया था और अब 2027 के चुनाव में भी जवाब देगा। उन्होंने कहा कि अशोक मित्तल और संजीव अरोड़ा के घर एक साथ ईडी की रेड हुई थी। अशोक मित्तल भाजपा में शामिल हो गए तो रेड बंद हो गई, लेकिन संजीव अरोड़ा ने इनकार कर दिया तो फिर से रेड हो गई।

केजरीवाल ने कहा कि पंजाब सरकार में मंत्री संजीव अरोड़ा के घर पर ईडी की रेड चल रही है। ईडी का काम है कि देश के अंदर अगर कहीं मनी लॉन्ड्रिंग हो रही है, तो उसको रोकना और उसकी जांच करना। अगर इस मकसद से ईडी अपनी कार्रवाई करे, तो हमें कोई परेशानी नहीं है। लेकिन ईडी मनी लॉन्ड्रिंग रोकने के लिए काम नहीं करती और न ही सीबीआई भ्रष्टाचार को रोकने के लिए काम नहीं करती है, वे सिर्फ नेताओं को डराने–धमकाने का काम करती है।

## राज्यपाल ने टीवीके प्रमुख विजय को नियुक्त किया मुख्यमंत्री, कल लेंगे शपथ

» प्रथम न्यूज । चेन्नई

09 मई ( ब्यूरो )

तमिलनाडु में 23 अप्रैल को हुए विधानसभा चुनाव में पहली बार जीत दर्ज करने के बाद टीवीके ने सरकार गठन के लिए समर्थन जुटाने की कवायद तेज कर दी है। कांग्रेस, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और वीसीके सहित द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के सहयोगी दलों ने टीवीके को समर्थन दे दिया है। टीवीके ने चुनाव में 108 सीटों पर ऐतिहासिक जीत हासिल की थी, हालांकि वह बहुमत के आंकड़े से 10 सीट पीछे थी। 234 सदस्यीय तमिलनाडु विधानसभा में कांग्रेस के पास पांच सीटें हैं, जबकि अन्य तीन दलों के पास दो–दो विधायक हैं।





वीसीके ने विजय की टीवीके को बिना शर्त समर्थन दिया है, जिससे अभिनेता–राजनेता के सामने सरकार गठन को लेकर बनी अनिश्चितता खत्म हो गई है। वीसीके के दो विधायकों के समर्थन से टीवीके 118 के 'जादुई आंकड़े' तक पहुंच गई है। इसके बाद विजय ने राज्यपाल से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया है। सूत्रों के अनुसार विजय कल ष्टरूपद की शपथ ले सकते हैं। अब चेन्नई में जश्न जैसा माहौल है।

## लेफ्टिनेंट जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि जो बनेंगे भारत के नए सीडीएस

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली

09 मई ( ब्यूरो )

भारतीय सेना के सर्वोच्च पद चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) के पर नई नियुक्ति की गई है। मौजूदा सीडीएस अनिल चौहान का कार्यकाल 30 मई 2026 को समाप्त हो रहा है। इससे पहले भारत सरकार ने नए सीडीएस को नियुक्त कर दिया है, जो अनिल चौहान का कार्यकाल समाप्त होने के बाद पदभार ग्रहण करेंगे। भारत सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि (PVSM, AVSM, SM, VSM - सेवानिवृत्त) को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ नियुक्त किया है। वे पदभार ग्रहण करने की तारीख से लेकर अगले आदेशों तक भारत सरकार के सैन्य मामलों के विभाग में सचिव के रूप में भी कार्य करेंगे।

लेफ्टिनेंट जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि भारतीय सेना के बेहद सीनियर ऑफिसर हैं। 1 सितंबर 2025 से अब तक राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय में सैन्य सलाहकार के पद पर कार्यरत हैं। इससे पहले वे 1 जुलाई 2024 से 31 जुलाई 2025 तक थल सेना के उप–प्रमुख रहे थे, और मार्च 2023 से जून 2024 तक मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग–इन–चीफ थे। उनकी गिनती तेज–तर्रार अधिकारियों में की जाती है।





## हंगरी के नए प्रधानमंत्री बने पीटर माग्यार, संसद में शपथ ली

**हंगरी ( एजेंसी )**– पीटर मैग्यार ने शनिवार को हंगरी के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। नई संसद के उद्घाटन सत्र में हुए मतदान में जीत हासिल करने के बाद उन्होंने देश में व्यवस्था बदलने का संकल्प लिया। 199 सदस्यीय संसद में 195 सांसदों ने मतदान किया, जिनमें से 140 ने उनके पक्ष में, 54 ने विरोध में और एक सदस्य ने मतदान से दूरी बनाई। माग्यार ने बहुमत हासिल कर प्रधानमंत्री पद के लिए आवश्यक समर्थन प्राप्त किया और उनके चार वर्षीय कार्यकाल की औपचारिक शुरुआत हो गई। अपने शपथ ग्रहण भाषण में माग्यार ने कहा कि नई सरकार को केवल सरकार बदलने का नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था बदलने का जनादेश मिला है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार देश पर शासन नहीं करेगी, बल्कि लोगों की सेवा करेगी। उन्होंने राष्ट्रीय एकता, लोकतांत्रिक सुधार और मेल–मिलाप पर जोर दिया।

# पश्चिम बंगाल में अब शुभेंदु 'सरकार'

## एतिहासिक ब्रिगेड परेड ग्राउंड में ली CM पद की शपथ, हर ओर लहराया भगवा, शपथ ग्रहण समारोह 21 राज्यों के ष्टरू की उपस्थिति में हुआ

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली/कोलकाता

09 मई ( एएम नाथ )

पश्चिम बंगाल में आज से शुभेंदु सरकार चलेगी। कभी ममता बनर्जी के चहते रहे और टीएमसी की सरकार में कई अहम पद संभाल चुके शुभेंदु आज भारतीय जनता पार्टी के पहले पसंद हैं। भगवा पोशाक में पहुंचे शुभेंदु के शपथग्रहण समारोह का 21 राज्यों के सीएम के अलावा पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई कद्दावर नेता भी साक्षी बने। कोलकाता का ब्रिगेड पेरड ग्राउंड भगवामय हो गया था। यह लाजिमी भी था क्योंकि बंगाल की सियासत में पहली बार भाजपा ने सत्ता की कुर्सी हासिल की है।

### पीएम मोदी का रोड शो, शुभेंदु को सीएम योगी ने पहनाया भगवा पट्टा

शुभेंदु अधिकारी के शपथग्रहण समारोह की शुरुआत से पहले पीएम मोदी ने बंगाल के नए सीएम के साथ लंबा रोड शो किया। इस दौरान भारी भीड़ का उत्साह देखते ही बनता था। पीएम मोदी के साथ गाड़ी में शुभेंदु और बंगाल के चीफ समिक भट्टाचार्य भी मौजूद थे। इस दौरान मंच पर अमित शाह, रक्षा मंत्रा राजनाथ सिंह, सीएम योगी, शिवराज सिंह चौहान समेत 21 राज्यों के सीएम और बाकी केंद्रीय मंत्री भी मौजूद थे। पीएम मोदी ने इसके बाद मंच पर रबींद्रनाथ टैगौर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सबसे खास बात यह रही कि पश्चिम बंगाल के नए सीएम को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शपथ से पहले भगवा पट्टा पहनाया।



शुभेंदु की शपथ, साथ में किस–किस ने ली शपथ?

शुभेंदु अधिकारी ने तय समय पर मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उन्हें राज्यपाल टी रवि ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक किरकिनिराय, निशिथ प्रमाणिक सहित और लोगों ने शपथ ली है। मुख्यमंत्री के अलावा पांच मंत्रियों ने शपथ ली है। इनमें एक महिला, एक मतुआ समुदाय से, एक राजबंशी, एक आदिवासी और एक ओबीसी समाज से मंत्री बनाए गए हैं। शुभेंदु अधिकारी ब्राह्मण हैं, दिलीप घोष ओबीसी समाज से आते हैं, अग्निमित्रा पॉल कायस्त समाज, अशोक किरतनिया मतुआ समुदाय, शुदिराम टुडु आदिवासी समुदाय और निशिथ प्रमाणिक राजबंशी समुदाय से आते हैं।




आपके शहर में खानदानी
पं. आर के शर्मा
आशा की किरण ज्योतिष रत्नाकर
HAND READING, FACE READING, SNAPS READING
SPECIALIST : Solve your life problems like trouble in Business, Studies, Foreign, Travelling, Children, Love Marriage, & All Kind of Family Problem
जब कहीं न हो काम तो हमसे लो समाधान क्योंकि हमारा काम ही हमारा चैलेंज है। क्या आप परेशान हैं तो एक बार अवश्य मिलें।
खुला चैलेंज :- घंटों में समाधान वालों से सावधान!
जैसे :- कारोबार न चलना, नौकरी प्रमोशन, ट्रांसफर में रुकावट, कितनी भी मेहनत करना फल न मिलना, घर में लड़ाई, कामों में रुकावट, प्यार में धोखा, विवाह में देरी होना, मन पसंद शादी, मानसिक तनाव, विदेश यात्रा में रुकावट, संतान सुख, बच्चे कहने से बाहर, पढ़ाई में मन न लगना, पति-पत्नी में अनबन, ससुराल से ठोकर, नजर दोष, लक्ष्मी नुकसान, मांगलिक दोष, काल सर्प दोष, किया कराया का वहम, वास्तु दोष, नवग्रह शांति पूजा, कठिन से कठिन समस्या के समाधान के लिए तुरंत मिलें।
व्यर्थ इधर-उधर न भटकें (प्यार में धोखा खाए भाई व बहन एक बार अवश्य मिलें)
लाल किताब, वास्तु, जन्म कुंडली विशेषज्ञ
अगर आपका ज्योतिष, तांत्रिक, बाबाओं से विश्वास उठ गया है या आपका काम नहीं हुआ तो एक बार श्रद्धा और विश्वास से मिलें।
देवी माँ की साधना द्वारा तुरंत समाधान
गुमराह होने से बचें। ज्योतिष 100% विज्ञान है।
रोजाना मिलें : -कृपया फोन पर समय लेकर मिलें । समय : सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक
मो.: 95016-36513
कोठी नंबर 491, फेज 3 बी1, मोहाली, नजदीक जनता मार्केट ( चंडीगढ़ में भी मिलें )

## संक्षिप्त न्यूज

### सुशील सितारा ने मां भद्रकाली दरबार में किया गुणगान, अनुज खेमका सम्मानित



**अमृतसर ( साहिब दयाल )**– मां भद्रकाली मेले के उपलक्ष में मंदिर मां भद्रकाली गेट खजाना के बाहर श्री महाकाली यात्रा सेवा संघ की ओर से माता की विशाल चौकी का आयोजन किया गया। प्रसिद्ध भजन गायक सुशील सितारा की ओर से मां का गुणगान किया गया। भारी संख्या में भक्तों ने मां की चौकी में भाग लेकर मां श्री भद्रकाली का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर विशेष रूप से पहुंचे राष्ट्रीय हिन्दू चेतना मंच के पंजाब प्रधान अनुज खेमका ने भी मां भद्रकाली का आशीर्वाद लिया । भजन गायक सुशील सितारा द्वारा मां की चुनरी देकर उन्हें सम्मानित किया गया। आखिर में आए हुए भक्तों में बिस्किट, फल, मिठाई, का प्रसाद दिया गया। बच्चों में खिलौने बांटे गए।

### हेमकुंट स्कूल में मां के प्यार और सम्मान को समर्पित स्मृति कार्यक्रम



**जीरा, 9 मई ( अंग्रेज बराड़ )** – श्री हेमकुंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल छात्रों और शिक्षकों के बीच नैतिक मूल्यों, पारिवारिक संबंधों और सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए हमेशा विशेष प्रयास करता है। स्कूल में समय-समय पर मनाए जाने वाले विशेष दिन बच्चों और शिक्षकों को सामाजिक और भावनात्मक मूल्यों से जोड़ते हैं। इसी क्रम में, मातृ दिवस स्कूल में बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर, स्कूल का वातावरण प्रेम, सम्मान और मां के अनमोल रिश्ते की सुगंध से सराबोर था। कार्यक्रम का शुभारंभ एमडी मैडम रंजीत कौर संधू ने मां की महानता को समर्पित शब्दों से किया। इस अवसर पर, शिक्षकों द्वारा मातृ दिवस से संबंधित भावपूर्ण कविताएँ और मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्होंने सभी का दिल जीत लिया। इसके साथ ही, विभिन्न खेलों का भी आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों ने बड़े उत्साह से भाग लिया और खूब आनंद उठाया। कार्यक्रम के दौरान, समूहवार शिक्षक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें शिक्षकों ने बिना आग के कई प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए। सभी ने अपनी कला, स्वच्छता और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। शिक्षकों की मेहनत और टीम वर्क ने सभी को प्रभावित किया। सभी प्रतिभागियों की प्रस्तुति, रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सामूहिक भागीदारी को ध्यान में रखते हुए, निर्णायक मंडल ने अत्यंत सुव्यवस्थित तरीके से सर्वश्रेष्ठ माँ का चयन किया। सभी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों में से, दविंदर कौर ने अपनी अनूठी कला और प्रभावशाली प्रदर्शन से यह खिताब जीता। विद्यालय प्रबंधन ने उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया। हेमकुंट संस्थान के अध्यक्ष श्री कुलवंत सिंह संधू, प्रबंध निदेशक श्रीमती रंजीत कौर संधू और प्रधानाध्यापिका रमनजीत कौर ने कहा कि माँ जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है, हमें हमेशा अपनी माँ का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अंत में, सभी को मातृ दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि माँ का प्यार दुनिया का सबसे नि:शर्त प्यार है और हर बच्चे को अपनी माँ का सम्मान और आभार व्यक्त करना चाहिए।

### भारी मात्रा में हेरोइन, नशीली गोलियां और अवैध शराब बरामद

**गुरदासपुर ( संदीप सन्नी )** – गुरदासपुर पुलिस ने पिछले एक सप्ताह में नशा तस्करों के खिलाफ चौतरफा कार्रवाई की है। विभिन्न थानों की पुलिस टीमों ने छापेमारी कर कई तस्करों को भारी मात्रा में नशीले पदार्थों के साथ गिरफ्तार किया है।

#### बरामदगी का मुख्य विवरण

**हेरोइन** – पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाइयों में कुल 241 ग्राम 555 मिलीग्राम हेरोइन बरामद की है। इसमें सबसे बड़ी सफलता थाना दीनानगर को मिली, जहाँ एक महिला से 138 ग्राम हेरोइन और 3000 रुपए ड्रग मनी बरामद की गई।

**नशीली गोलियां :** थाना सिटी गुरदासपुर और धारीवाल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुल 331 नशीली गोलियां जब्त की हैं।

**अवैध शराब :** आबकारी अधिनियम के तहत पुलिस ने कुल 30,000 एमएल ( 30 लीटर ) अवैध शराब बरामद की है। इसमें थाना घुम्मन कलां से 7500 एमएल और थाना दीनानगर से 22,500 एमएल शराब शामिल है।





# संगरूर से शुरू हुई 'मेरी रसोई' योजना, 40 लाख परिवारों को मिलेगा राशन किट का सहारा

**भगवंत मान सरकार का बड़ा कदम : गरीब परिवारों की रसोई तक पहुंचेगी पौष्टिक खुराक**

» प्रथम न्यूज । संगरूर
09 मई ( एएम नाथ )



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने शुक्रवार को संगरूर जिले के गांव भलवान से राज्य की महत्वाकांक्षी मेरी रसोई योजना की शुरुआत की। इस योजना के तहत पंजाब के लगभग 40 लाख गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को हर तीन महीने में राशन किट उपलब्ध करवाई जाएगी, ताकि बढ़ती महंगाई के दौर में घरेलू रसोई का बोझ कम किया जा सके।

मुख्यमंत्री ने योजना का शुभारंभ जरूरतमंद परिवारों को राशन किट वितरित करके किया। उन्होंने कहा कि यह देश की सबसे बड़ी खाद्य सुरक्षा पहलों में से एक है, जिसका उद्देश्य गरीब परिवारों तक पौष्टिक भोजन सामग्री पहुंचाना है। किट में सरसों का तेल, दाल, चीनी, नमक, हल्दी सहित घरेलू रसोई के लिए जरूरी अन्य वस्तुएं शामिल होंगी। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि पिछली सरकारों ने कल्याणकारी योजनाओं को केवल गेहूं और दाल वितरण तक सीमित रखा, जबकि उनकी सरकार आम परिवारों की रोजमर्रा की जरूरतों को ध्यान में रखकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा कुपोषण का शिकार न हो और हर घर की रसोई चलती रहे, यही सरकार की प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार पहले ही मुफ्त बिजली, स्वास्थ्य सुविधाओं और महिला कल्याण योजनाओं के माध्यम से लोगों को राहत दे रही है। उन्होंने दावा किया कि राज्य के लगभग 90 प्रतिशत घरों को अब जीरो बिजली बिल मिल रहे हैं। इसके साथ ही सरकार किसानों को दिन में निर्बाध बिजली सप्लाई और नहरी पानी उपलब्ध करवाने के लिए बड़े स्तर पर काम कर रही है।

महिला सशक्तिकरण का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने मावां-धीयां सत्कार योजना का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत सामान्य वर्ग की महिलाओं को हर महीने 1,000 रुपये और अनुसूचित जाति परिवारों की महिलाओं को 1,500 रुपये की सहायता दी जाएगी।

इस अवसर पर खाद्य एवं सिविल आपूर्ति मंत्री लाल चंद कटारूचक, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ काम कर रही है ताकि जनता का पैसा सीधे लोगों के कल्याण और विकास कार्यों पर खर्च हो।






मलगन की चंचल को चंदरैणी के देव राज के साथ परिणय सूत्र में बंधने पर प्रथम न्यूज़ की ओर से ढेरों शुभकामनाएं।

### दसुहा नगर कौंसिल चुनावों को लेकर भाजपा की विशेष संगठनात्मक बैठक सम्पन्न

**जालंधर/दसुहा 9, मई ( शैली अल्बर्ट )** भारतीय जनता पार्टी जिला जालंधर के पूर्व अध्यक्ष रमन पब्बी ने दसुआ में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अजय कौशल सेतु की अध्यक्षता में नगर कौंसिल चुनावों को लेकर जिला इकाई के साथ एक विशेष संगठनात्मक बैठक की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी नगर कौंसिल चुनावों के लिए जिला इकाई के साथ रणनीति तैयार करना तथा केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी एवं जनहितैषी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने हेतु कार्यकर्ताओं को सक्रिय करना था।



बैठक को संबोधित करते हुए रमन पब्बी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा देश के हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर कार्य करती है और केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना पार्टी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करते हुए नगर कौंसिल चुनावों में पार्टी की जीत सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य रूप से रघुनाथ सिंह राणा (हल्का इंचार्ज), संजीव मिन्हास (पूर्व जिला प्रधान), एडवोकेट शुभ सरोच, विजय कामरेड, अमोलक हुंदल, श्रीमती रजनी कौशल, बलकिश राज, अनिल शर्मा, कोना प्रधान, नारायण, जसवंत पप्पू, बब्बी डोगरा, रिम्पी रहलान, रिम्पा शर्मा, करणपाल सिंह, अमरजीत गोल्डी, ओंकार सिंह, रघुनाथ सिंह, राजिंदर सिंह, आशुतोष सलारिया, अनिल सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अमनदीप अस्पताल ने उजाला सिग्नस के सहयोग से, कूल्हे की रीकंस्ट्रक्शन सर्जरी में सफलता हासिल की

» प्रथम न्यूज । अमृतसर
09 मई ( साहिब दयाल )



अमनदीप अस्पताल ने उजाला सिग्नस के साथ मिलकर, बटाला के एक पत्रकार के बेटे पर कूल्हे की एक जटिल रीकंस्ट्रक्शन सर्जरी सफलतापूर्वक की है। इससे परिवार को राहत मिली है और समय पर चिकित्सा हस्तक्षेप के महत्व को भी उजागर किया गया है। इस युवा मरीज़ को स्लिप्ड कैपिटल फेमोरल एपिफिसिस नामक एक गंभीर बीमारी का पता चला था। यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें कूल्हे का जोड़ अस्थिर हो जाता है, जिससे दर्द होता है और चलने-फिरने में दिक्कत आती है। पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक्स यूनिट के प्रमुख और वरिष्ठ सलाहकार डॉ. सुधांशु बंसल के नेतृत्व में, सर्जिकल टीम ने मॉडिफाइड डन नेक ओस्टियोटॉमी नामक एक तकनीकी रूप से कठिन प्रक्रिया को अंजाम दिया, जिसके परिणाम बहुत ही बेहतरीन रहे हैं। पिछले डेढ़ साल में, मरीज़ ने काफी सुधार किया है; उसकी चलने-फिरने की क्षमता वापस आ गई है और वह अपनी सामान्य दिनचर्या में लौट आया है। डॉ. बंसल, जो पंजाब के उन गिने-चुने सर्जनों में से एक हैं जो यह विशेष सर्जरी करते हैं, इस बात पर ज़ोर देते हैं कि कूल्हे को होने वाले स्थायी नुकसान और कम उम्र में ही टोटल हिप रिप्लेसमेंट (कूल्हे के जोड़ को पूरी तरह बदलने की सर्जरी) की ज़रूरत से बचने के लिए, बीमारी का जल्दी पता चलना और समय पर इलाज शुरू होना बहुत ज़रूरी है। अमनदीप अस्पताल की समर्पित टीम ने मरीज़ की देखभाल में असाधारण प्रदर्शन किया है; उन्होंने न केवल कूल्हे की कार्यक्षमता को बहाल किया है, बल्कि मरीज़ के जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार किया है। यह सफलता की कहानी, अस्पताल की उन्नत चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, और यह भी बताती है कि सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त करने के लिए समय पर की गई सर्जिकल प्रक्रिया कितनी महत्वपूर्ण होती है।

अमनदीप ग्रुप अब एक प्रमुख स्वास्थ्य सेवा नेटवर्क के रूप में विकसित हो चुका है, जिसके छह अलग-अलग स्थानों पर 750 से अधिक बिस्तर और 170 से अधिक विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक टीम मौजूद है। सेवा की एक समृद्ध विरासत के साथ, इस ग्रुप ने 25 लाख से अधिक मरीज़ों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए हैं, और इस क्षेत्र में सुलभ, किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के मानकों को और भी ऊँचा उठाया है।

# नए एक्रेडीटेशन सुधार और बाइनरी सिस्टम से उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में होगा सुधार : डॉ. अजय शर्मा

» प्रथम न्यूज । गुरदासपुर
09 मई ( संदीप सन्नी )

सरकारी कॉलेज गुरदासपुर में प्रिंसिपल डॉ. अश्वनी कुमार भल्ला के नेतृत्व में चल रहे सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का चौथा दिन उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और नई मूल्यांकन प्रणालियों पर केंद्रित रहा। दिन की शुरुआत डॉ. पूनम शर्मा द्वारा पिछले सत्र के असेसमेंट एंड इवैल्यूएशन विषय पर प्रस्तुत विश्लेषणात्मक समीक्षा के साथ हुई।




#### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बदलाव की आवश्यकता

प्रिंसिपल डॉ. भल्ला ने मुख्य रिसोर्स पर्सन डॉ. अजय शर्मा (प्रिंसिपल, गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज, चंडीगढ़) का स्वागत करते हुए कहा कि समय की मांग के अनुसार शिक्षा प्रणाली में गुणात्मक बदलाव लाना अनिवार्य है।

**नए एक्रेडीटेशन सुधारों पर चर्चा**

डॉ. अजय शर्मा ने अपने विस्तृत व्याख्यान में "New Accreditation Reforms" और "Binary Accreditation System" के माध्यम से उच्च शिक्षा में सुधार के नए मॉडलों पर चर्चा की। उन्होंने निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला

**-महत्वपूर्ण संकल्प :** उन्होंने "One Nation One Data", "Binary Accreditation Framework" और "Maturity-Based Graded Levels" जैसे नए कॉन्सेप्ट्स के बारे में विस्तार से बताया।

**-शिक्षण मॉडल :** डॉ. शर्मा ने शिक्षा में Input, Process और Output आधारित मॉडल के साथ-साथ सस्टेनेबिलिटी आउटकम्स पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता जताई।

**-पारदर्शिता और सुशासन** – उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में गुड गवर्नेंस, पारदर्शिता (Transparency) और ट्रस्ट-आधारित सिस्टम की स्थापना को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

**वैश्विक शोध और तकनीक**

डॉ. शर्मा ने "One Nation One Subscription" पहल का जिक्र करते हुए छात्रों और शिक्षकों को (Global Research) से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़ी चुनौतियों और अवसरों पर भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि संसद में हो रही चर्चाओं के आधार पर अब प्रत्यायन प्रणाली में सब्जेक्टिविटी को कम करने और पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में गंभीर कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कॉलेजों को समाज के साथ जुड़ने और सामाजिक नेटवर्क को मजबूत करने की अपील की। यह सत्र शिक्षकों के लिए अत्यंत चिंतनशील और प्रेरणादायक रहा, जिसने उन्हें उच्च शिक्षा में गुणवत्ता और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया।

### संत कबीर कॉलेज ने बी.कॉम के छात्रों के लिए एक शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया

» प्रथम न्यूज । जीरा
09 मई ( अंग्रेज बराड़ )




संत कबीर कॉलेज जीरा ने बी.कॉम के छात्रों के लिए स्टॉक एक्सचेंज एंड कैपिटल लिमिटेड लुधियाना में एक शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया, जिसमें छात्रों को व्यावहारिक रूप से बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को कक्षा शिक्षा के साथ-साथ वास्तविक जीवन का अनुभव प्रदान करना था, ताकि वे अपनी पढ़ाई को वास्तविक जीवन से जोड़ सकें। भ्रमण के दौरान, छात्रों को विभिन्न विषयों की जानकारी मिली और उन्होंने व्यावहारिक ज्ञान को गहराई से समझा। इस दौरान, उन्हें नए अनुभव प्राप्त हुए, जिससे उनकी समझ बढ़ी! अपने अनुभव साझा करते हुए, छात्रों ने कहा कि इस यात्रा के दौरान उन्हें बहुत कुछ नया सीखने को मिला और यह अनुभव उनके लिए बहुत उपयोगी साबित हुआ। उन्होंने कहा कि इस तरह के भ्रमण उनके भविष्य के लिए भी बहुत सहायक साबित होंगे।

इस अवसर पर, कॉलेज के अध्यक्ष श्री गुरचरण सिंह, प्रबंध निदेशक डॉ. सुखदेव सिंह और प्रधानाचार्य डॉ. वीरपाल ने कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह के शैक्षिक भ्रमण बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के भ्रमण आयोजित किए जाएंगे ताकि छात्रों को बेहतर सीखने के अवसर मिल सकें।

वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों रमनदीप कौर, रोमनदीप कौर, पलप्रीत कौर, हरमनदीप सिंह और गुरप्रीत सिंह ने इस दौरे को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### गाँव ईसपुर में खालसा कॉलेज माहिलपुर के प्रवेश केंद्र का उद्घाटन

» प्रथम न्यूज । माहिलपुर
09 मई ( तरसेम दीवाना )



श्री गुरु गोबिंद सिंह खालसा कॉलेज माहिलपुर द्वारा नए सत्र 2026-27 में प्रवेश के संबंध में क्षेत्र के गाँव ईसपुर में छात्रों की करियर मार्गदर्शन और परामर्श की सुविधा के लिए आज विशेष प्रवेश केंद्र खोला गया। इस अवसर पर गाँव ईसपुर के सरपंच हरनेक सिंह ने सरपंच गुरमेल सिंह पंडोरी, सरपंच कुशल कुमार और प्राचार्य डॉ. परविंदर सिंह की उपस्थिति में इस प्रवेश केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्राचार्य परविंदर सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र से हर साल बड़ी संख्या में छात्र उच्च शिक्षा के लिए खालसा कॉलेज पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रवेश केंद्र छात्रों को करियर मार्गदर्शन देने में बहुत सहायक होगा। उन्होंने कॉलेज में नए शुरू हो रहे पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी दी और कहा कि कॉलेज में जरूरतमंद और होनहार छात्रों की विशेष आर्थिक मदद, विभिन्न छात्रवृत्ति राशियों सहित आधुनिक सुविधाएं छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सहायक हो रही हैं, जिसका अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने क्षेत्र के छात्रों से इस प्रवेश केंद्र में आकर अपनी पसंद के अनुसार विभिन्न पाठ्यक्रमों के बारे में जानकारी लेने की अपील की। इस अवसर पर सरपंच हरनेक सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने हर तरह के सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पंचायत सदस्य कुलवरन सिंह, हरभजन सिंह, अमरजीत सिंह पंडोरी गंगा सिंह, प्रवेश समिति के संयोजक डॉ. वरिंदर आजाद सहित कॉलेज स्टाफ और गाँव वासी उपस्थित थे।



संक्षिप्त न्यूज

**बंजार नगर पंचायत में खेला**

## मतदान से पहले ही भाजपा की धनवंती देवी ने पक्की की अध्यक्ष की कुर्सी



**कुल्लू ( ब्यूरो )**– हिमाचल प्रदेश में पंचायत व शहरी निकाय चुनाव में जीत के लिए प्रत्याशी खूब जद्दोजहद कर रहे हैं। कुर्सी पाने के लिए प्रत्याशियों ने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया है। इस बीच जिला कुल्लू की नगर पंचायत बंजार में मतदान से पहले ही महिला प्रत्याशी को अध्यक्ष की कुर्सी मिल गई है। वार्ड छह से भाजपा समर्थित प्रत्याशी धनवंती देवी निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं। उनका अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है। नगर पंचायत बंजार में अध्यक्ष पद अनुसूचित जाति की महिला वर्ग के लिए आरक्षित है।

### अध्यक्ष पद रिजर्व और वार्ड नहीं आरक्षित

रोचक यह है कि सात वार्डों में से किसी को भी अनुसूचित जाति महिला वर्ग के लिए आरक्षित नहीं किया गया। इस विसंगति के संबंध में प्रशासन और एसडीएम कार्यालय में शिकायत भी दी गई थी लेकिन आरक्षण रोस्टर में बदलाव नहीं हुआ।

**भाजपा ने किया खेला** – भाजपा ने इस स्थिति को अवसर में बदलते हुए वार्ड छह से अनुसूचित जाति वर्ग की धनवंती देवी को चुनाव मैदान में उतार दिया। कांग्रेस इस वार्ड से प्रत्याशी नहीं उतार पाई। अब बाकी वार्डों में मुकाबला भले ही रोचक हो लेकिन वार्ड छह से निर्विरोध जीत ने भाजपा के लिए अध्यक्ष पद की राह आसान कर दी है।

## राज्यपाल ने पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार के आवास पर की सौहार्दपूर्ण मुलाकात



**पालमपुर ( ब्यूरो )**– राज्यपाल श्री कविंदर गुप्ता ने आज कांगड़ा जिले के पालमपुर में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री शांता कुमार के आवास का दौरा किया।

दौरे के दौरान, राज्यपाल ने वरिष्ठ नेता को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके स्वास्थ्य एवं कुशलक्षेम की जानकारी ली। इस अवसर पर दोनों के बीच सौहार्दपूर्ण मुलाकात हुई, जिसमें उन्होंने हिमाचल प्रदेश राज्य और व्यापक क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

राज्यपाल ने श्री शांता कुमार जी के विशाल अनुभव और सार्वजनिक जीवन में उनके अमूल्य योगदान के प्रति गहरा सम्मान व्यक्त किया।

## अनुराग ठाकुर लगातार तीसरी बार लोक लेखा समिति के सदस्य बने, संसद ने जताया भरोसा

**शिमला ( ब्यूरो )**– हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री Anurag Thakur को वर्ष 2026-27 के लिए संसद की प्रतिष्ठित लोक लेखा समिति (पीएसी) का पुनः सदस्य चुना गया है। यह लगातार तीसरी बार है जब उन्हें इस अहम संसदीय समिति में जगह मिली है। इससे पहले भी वह 2024-25 और 2025-26 के कार्यकाल में समिति के सदस्य रह चुके हैं।



लगातार तीन बार इस महत्वपूर्ण समिति में नियुक्ति को अनुराग ठाकुर के संसदीय अनुभव, विधायी कौशल और बढ़ते राजनीतिक प्रभाव के रूप में देखा जा रहा है। संसद की सबसे शक्तिशाली समितियों में शामिल लोक लेखा समिति केंद्र सरकार के वित्तीय खर्चों की निगरानी और जवाबदेही तय करने का काम करती है। लोक लेखा समिति में कुल 22 सदस्य होते हैं और वर्तमान में इसकी अध्यक्षता कांग्रेस सांसद K. C. वेणुगोपाल कर रहे हैं। समिति का मुख्य कार्य नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) की रिपोर्टों की समीक्षा करना और यह सुनिश्चित करना है कि जनता के टैक्स का पैसा पारदर्शी और नियमों के अनुसार खर्च हो।

समिति सरकारी खर्चों में किसी भी प्रकार की अनियमितता, फिजूलखर्ची या वित्तीय गड़बड़ियों की जांच कर सरकार को जवाबदेह बनाने का कार्य करती है।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार पीएसी में अनुराग ठाकुर की लगातार मौजूदगी संसद में उनके बढ़ते प्रभाव और मजबूत पकड़ को दर्शाती है। साथ ही इससे हमीरपुर संसदीय क्षेत्र की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूती मिलने की बात भी कही जा रही है।

# हिमाचल की पुकार, खत्म करो कांग्रेस की लूट, झूठ और भ्रष्टाचार : सौदान सिंह

## साढ़े तीन साल में प्रदेश को आर्थिक दिवालियापन की कगार पर ले गई सुक्खू सरकार : सौदान

## झूठी गारंटियों से महिलाओं, युवाओं और आम जनता को ठगने का काम किया कांग्रेस ने : डॉ. बिंदल

» प्रथम न्यूज । मंडी

09 मई ( एएम नाथ )







भारतीय जनता पार्टी मंडी द्वारा मंडी स्थित विपाशा सदन में विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल, प्रदेश महामंत्री पायल वैद्य, विधायक अनिल शर्मा, विधायक इंद्र सिंह गांधी, विधायक पूर्ण चंद तथा पूर्व महापौर वीरेंद्र भट्ट सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री सौदान सिंह ने कहा कि आज पूरे हिमाचल प्रदेश की पुकार है कांग्रेस की लूट, झूठ और भ्रष्टाचार खत्म करो। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार हिमाचल प्रदेश के इतिहास की सबसे निकम्मी और भ्रष्ट सरकार साबित हुई है। अपने लगभग साढ़े तीन वर्ष के कार्यकाल में सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है और प्रदेश को आर्थिक संकट, प्रशासनिक अव्यवस्था तथा विकासहीनता की ओर धकेल दिया गया है। सौदान सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही हिमाचल को आर्थिक दिवालियापन की कगार पर पहुंचा दिया। प्रदेश की आर्थिक स्थिति आज इतिहास के सबसे गंभीर संकट में है और कुल कर्ज 1 लाख 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 तक पिछले लगभग 30 वर्षों में प्रदेश पर 70 हजार करोड़ रुपये का कर्ज था, लेकिन कांग्रेस सरकार ने केवल साढ़े तीन वर्षों में ही 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक का नया कर्ज ले लिया। आज हिमाचल का प्रत्येक नागरिक औसतन 1 लाख 40 हजार रुपये के कर्ज के बोझ तले दबा हुआ है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार विकास कार्यों के लिए धन नहीं होने की बात करती है, जबकि अपने मित्रों और करीबी लोगों की शानो-शौकत पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। प्रदेश में सड़कें टूटी पड़ी हैं, अस्पतालों में डॉक्टर नहीं हैं, शिक्षण संस्थानों में शिक्षक नहीं हैं और विकास कार्य पूरी तरह ठप हैं। भाजपा सरकार के समय शुरू की गई सैकड़ों परियोजनाओं को या तो बंद कर दिया गया है या उनकी गति धीमी कर दी गई है।

सौदान सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं को भी समाप्त करने का काम किया। हिमकेयर, सहारा और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं के तहत अस्पतालों के करोड़ों रुपये लंबित पड़े हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई हैं। सामाजिक सुरक्षा पेंशन 6-6 महीने की देरी से मिल रही है, जिससे लाखों गरीब, बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग परेशान हैं। गृहिणी सुविधा योजना, शगुन योजना, स्वावलंबन योजना और कन्यादान योजना जैसी महिला हितैषी योजनाओं को बंद कर कांग्रेस सरकार ने अपना महिला विरोधी चेहरा उजागर किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चुनावों में झूठी गारंटियों के माध्यम से प्रदेश की भोली-भाली जनता को ठगने का काम किया। महिलाओं को 1500 रुपये प्रतिमाह देने का वादा आज तक पूरा नहीं हुआ। युवाओं को पांच लाख नौकरियों का सपना दिखाया गया, लेकिन रोजगार देने के बजाय हजारों पद समाप्त कर दिए गए। प्रदेश में बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है और हजारों पद खाली होने के बावजूद सरकार उन्हें भरने को तैयार नहीं है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि साढ़े तीन साल का कांग्रेस शासन पूरी तरह जनविरोधी रहा है। कांग्रेस सरकार ने एचआरटीसी किराये, पानी के बिलों, डिपो राशन, स्टांप ड्यूटी, सीमेंट और एंट्री टैक्स के माध्यम से जनता पर भारी आर्थिक बोझ डालकर गरीब और मध्यम वर्ग की कमर तोड़ दी है। डॉ. बिंदल ने कहा कि शांत हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार के दौरान गैंगवार, हत्या, लूट, फिरौती और माफियाराज जैसी घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। सरकार और अधिकारी केवल एक-दूसरे पर दोषारोपण करते रहे, जबकि प्रदेश की जनता असुरक्षा और अव्यवस्था का सामना करती रही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार जिन झूठी गारंटियों के आधार पर सत्ता में आई थी, वही गारंटियां आज प्रदेश की जनता के दिलों में पीड़ा बन चुकी हैं। 28 लाख महिलाएं 42 महीनों से 1500 रुपये प्रतिमाह की प्रतीक्षा कर रही हैं। पांच लाख युवा रोजगार और सरकारी नौकरियों के इंतजार में आंदोलन करने को मजबूर हैं। किसान, बागवान, कर्मचारी, व्यापारी और सेवानिवृत्त कर्मचारी सभी कांग्रेस सरकार की नीतियों से परेशान हैं। डॉ. बिंदल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने साढ़े तीन वर्षों में लगभग 1500 से अधिक संस्थानों पर ताले लगा दिए हैं। स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, पटवार सर्कल और अन्य जनसेवा संस्थानों को लगातार बंद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं स्वीकार कर चुके हैं कि सरकार के पास विकास के लिए धन नहीं है। ऐसी सरकार को सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने ग्राम पंचायतों, बीडीसी, जिला परिषदों, नगर परिषदों और नगर निगमों के खातों से धन निकालकर प्रदेश सरकार के खाते में डाल दिया, जिससे स्थानीय स्तर पर विकास कार्य पूरी तरह ठप हो गए। यह जनता के साथ सीधा विश्वासघात है। भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रदेश की जनता अब कांग्रेस सरकार की सच्चाई समझ चुकी है और आने वाले पंचायतीराज एवं नगर निकाय चुनावों में कांग्रेस को करारा जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। भाजपा ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर तक जाकर कांग्रेस सरकार की विफलताओं और झूठी गारंटियों की सच्चाई जनता तक पहुंचाएं और भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को विजयी बनाएं।

## अनुच्छेद 370 हटने से वाल्मीकि समाज को मिला सम्मान और अधिकारः राज्यपाल कविंदर गुप्ता

**पालमपुर में वाल्मीकि महासभा अधिवेशन राज्यपाल बोले, 70 वर्षों का अन्याय हुआ समाप्त**

» प्रथम न्यूज । पालमपुर

09 मई ( एएम नाथ )




राज्यपाल कविंदर गुप्ता ने कहा कि अनुच्छेद 370 हटाना जम्मू-कश्मीर के वाल्मीकि समुदाय के लिए न्याय और समान अधिकारों की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि दशकों तक वाल्मीकि समाज को विशेष प्रावधानों की आड़ में मूलभूत अधिकारों और अवसरों से वंचित रखा गया, लेकिन अब उन्हें देश के अन्य नागरिकों के समान सम्मान और संवैधानिक अधिकार प्राप्त हो रहे हैं।

राज्यपाल पालमपुर स्थित चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के 19वें राष्ट्रीय अधिवेशन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा महर्षि वाल्मीकि और डॉ. बी.आर. आंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

देशभर से आए प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अनुच्छेद 370 को हटाने का साहसिक निर्णय लिया गया, जिससे जम्मू-कश्मीर में वाल्मीकि समाज, पश्चिम पाकिस्तान शरणार्थियों और गोरखा समुदाय को न्याय मिला। उन्होंने कहा कि वर्षों पहले जम्मू लाए गए हजारों वाल्मीकि परिवारों ने ईमानदारी से समाज की सेवा की, लेकिन उन्हें शिक्षा, सरकारी नौकरियों और सामाजिक कल्याण योजनाओं के लाभ से दूर रखा गया। उन्होंने कहा कि अब वाल्मीकि समुदाय को बेहतर शिक्षा, सरकारी सेवाओं और संवैधानिक सुरक्षा उपायों तक पहुंच प्राप्त हुई है। यह बदलाव समुदाय के लिए सशक्तिकरण, समानता और सामाजिक न्याय के नए युग की शुरुआत है।

राज्यपाल ने युवाओं से महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाओं को अपनाने और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय सामाजिक सद्भाव, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का है। उन्होंने सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में लगातार सुधार हो रहे हैं तथा विकसित भारत-2047 की यात्रा में युवाओं और महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन को जन आंदोलन बनाने में वाल्मीकि समाज के योगदान की भी सराहना की। इस अवसर पर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल राजा, कार्यकारी अध्यक्ष सीताराम, महासचिव राकेश गिल, हिमाचल इकाई के अध्यक्ष दीपक लाहौरवी, कुलपति प्रो. ए.के. पांडा सहित विभिन्न राज्यों से आए प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## शिमला में चिट्टा सप्लाई करने पहुंचे पंजाब के दो तस्कर गिरफ्तार, 10 ग्राम हेरोइन बरामद

» प्रथम न्यूज । शिमला

09 मई ( ब्यूरो )

जिला शिमला में मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सदर शिमला पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने लालपानी बस स्टॉप क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए पंजाब के दो युवकों को चिट्टा/हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 10 ग्राम हेरोइन और नकदी बरामद की गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 09 मई 2026 को पुलिस थाना सदर शिमला में अभियोग संख्या 49/2026 के तहत धारा 21 एवं 29 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। बताया गया कि स्पेशल सैल शिमला की टीम सुबह के समय लालपानी बस स्टॉप क्षेत्र में गश्त एवं निगरानी ड्यूटी पर तैनात थी। इसी दौरान पुलिस को विश्वसनीय सूचना मिली कि एक वाहन में सवार दो व्यक्ति शिमला शहर में चिट्टा सप्लाई करने के लिए पहुंचे हैं और लालपानी बस स्टॉप स्थित एक टी स्टॉल के पास मादक पदार्थ की डिलीवरी देने वाले हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संदिग्ध वाहन को टी स्टॉल के समीप रोक लिया। वाहन में सवार दो व्यक्तियों की पहचान निशान सिंह निवासी जिला फिरोजपुर, पंजाब तथा गुरप्रीत सिंह निवासी जिला कपूरथला, पंजाब के रूप में हुई।

पुलिस ने स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में वाहन की तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन से 10 ग्राम हेरोइन/चिट्टा तथा नकद राशि बरामद हुई। प्रारंभिक जांच में दोनों आरोपी मादक पदार्थ के अवैध कब्जे और परिवहन में संलिप्त पाए गए।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले की आगामी जांच जारी है तथा यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपी शिमला में किन लोगों को नशे की सप्लाई करने वाले थे।



## कांग्रेस का बड़ा दांव, कर्नल संजय शांडिल को सौंपी अहम जिम्मेदारी

» प्रथम न्यूज । सोलन

09 मई ( एएम नाथ )

हिमाचल प्रदेश में चल रहे पंचायतीराज एवं शहरी निकाय चुनावों के बीच कांग्रेस पार्टी ने संगठनात्मक स्तर पर बड़ा राजनीतिक दांव खेलते हुए प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ कर्नल धनीराम शांडिल के सुपुत्र रिटायर्ड कर्नल (डॉ.) संजय शांडिल को पूर्व सैनिक विभाग का प्रदेश वाइस चेयरमैन नियुक्त किया है। राजनीतिक गलियारों में इस नियुक्ति को आगामी चुनावी रणनीति और सैनिक बाहुल्य प्रदेश हिमाचल में पूर्व सैनिक समुदाय को साधने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

प्रदेश में इस समय नगर निगम, पंचायत और स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर राजनीतिक गतिविधियां चरम पर हैं। ऐसे माहौल में कांग्रेस द्वारा सैन्य पृष्ठभूमि और सामाजिक सक्रियता रखने वाले चेहरे को संगठन में बड़ी जिम्मेदारी देना कई मायनों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस अब जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ उन वर्गों पर विशेष फोकस कर रही है, जिनका चुनावी प्रभाव निर्णायक माना जाता है।

हिमाचल प्रदेश लंबे समय से सैनिक और पूर्व सैनिक बाहुल्य राज्य रहा है। प्रदेश के हजारों परिवार सीधे तौर पर सेना से जुड़े रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस का यह कदम आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों से भी जोड़कर देखा जा रहा है। पार्टी जय जवान-जय हिंद अभियान के माध्यम से सैनिक समाज और युवाओं के बीच अपनी पकड़ मजबूत करने की रणनीति पर काम करती नजर आ रही है। कांग्रेस नेताओं ने विश्वास जताया कि कर्नल संजय शांडिल संगठन सृजन अभियान को गति देने के साथ-साथ पार्टी की विचारधारा, संविधान की रक्षा और जनहित के मुद्दों को गांव-गांव तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। साथ ही पूर्व सैनिकों और सैनिक परिवारों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने का कार्य भी करेंगे।



नियुक्ति के बाद कर्नल (डॉ.) संजय शांडिल ने कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के साथ-साथ सैनिक समाज के सम्मान, अधिकारों और समस्याओं को मजबूती से उठाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, युवाओं और पूर्व सैनिकों को जोड़ने तथा संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ कार्य करेंगे। कर्नल शांडिल ने कहा कि जय जवान-जय हिंद केवल नारा नहीं, बल्कि देश सेवा और समाज के प्रति समर्पण की भावना है, जिसे हर घर तक पहुंचाया जाएगा।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि कांग्रेस की यह नियुक्ति आने वाले समय में प्रदेश की चुनावी राजनीति में नए समीकरण पैदा कर सकती है। खासतौर पर निकाय और पंचायत चुनावों के बीच संगठन में ऐसे चेहरों को आगे लाना पार्टी की दूरगामी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। उधर कर्नल संजय शांडिल की ताजपोशी से उनके समर्थकों में खुशी की लहर है और कर्नल संजय को सोशल मीडिया में बधाई देने वालों की कतार लगी है।



# गुरु साहिबानों के सिद्धांतों एवं शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर काम कर रही हैं सरकार : नायब सिंह सैनी

**-देश व प्रदेश में गुरु परंपरा और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन बढ़ाया जा रहा है आगे, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बैसाखी महोत्सव 2026 के राज्य स्तरीय समारोह में की शिरकत, -मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिख इतिहास पर आधारित व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों व योजनाओं की प्रदर्शनी का किया शुभारंभ**

» प्रथम न्यूज । कुरुक्षेत्र
09 मई ( बृज मोहन )

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश व प्रदेश की सरकार गुरु साहिबानों के सिद्धांतों एवं शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर काम कर रही हैं। ऐसा करके गुरु परंपरा और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन आगे बढ़ाया जा रहा है। इनमें बैसाखी पर्व भी शामिल है। हरियाणा की धरती को भी यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है कि इसका सिख इतिहास और गुरुओं की परंपरा से गहरा संबंध रहा है। लखनौर साहिब, जो श्री गुरु गोबिंद सिंह का ननिहाल था, आज भी उनकी स्मृतियों को संजोए हुए है। हरियाणा के लोगों ने हमेशा सिख गुरुओं के आदर्शों को अपनाया है और उनके संघर्षों में बढ़-चढ़कर भाग लिया है।





मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को कुरुक्षेत्र के केडीबी मेला ग्राउंड में कला एवं सांस्कृतिक विभाग एवं जिला प्रशासन के तत्वाधान में आयोजित बैसाखी महोत्सव 2026 के राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यातिथि के रूप में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिख इतिहास पर आधारित व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों व योजनाओं की प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने महिला व पुरुषों की दंगल प्रतियोगिता को शुरू करवाया और पतंग उड़ाकर अंतरराष्ट्रीय पतंग प्रतियोगिता का भी शुभारंभ किया।

इसके साथ ही हरियाणवी संस्कृति पर आधारित हरियाणा विरासत पवेलियन का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सबसे पहले सब को बैसाखी के पावन पर्व की बधाई दी। इसके साथ ही खालसा पंथ के स्थापना दिवस पर महान गुरुओं के चरणों में नमन किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज को सिख संगत की तरफ से कृपाण, सरोपा तथा खंडा साहिब का स्मृति चिन्ह भेंट किया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज भारत एक नए युग की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें गुरु साहिबान की शिक्षाओं, एकता, समर्पण, सेवा और परिश्रम को अपने जीवन में अपनाना होगा। हम सभी को मिलकर ऐसा समाज बनाना होगा, जहां सभी को समान अवसर मिले, जहां कोई भेदभाव न हो और जहां हर व्यक्ति को सम्मान पूर्वक जीवन जीने का अधिकार हो। उन्होंने कहा कि इन सभी प्रयासों का उद्देश्य केवल विकास करना नहीं है, बल्कि अपनी जड़ों से जुड़े रहना, अपनी संस्कृति को संजोना और आने वाली पीढ़ियों को अपने गौरवशाली इतिहास से परिचित कराना है। जब हम अपने अतीत से प्रेरणा लेते हैं, तभी हम एक उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।

### दिसम्बर 2022 में हरियाणा सिक्ख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति की करी स्थापना

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज हम उन सभी शहीदों को श्रद्धा पूर्वक नमन करते हैं और उनके बलिदान को सदैव स्मरण रखने का संकल्प लेते हैं। दिसम्बर 2022 में हरियाणा सिक्ख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति की स्थापना की गई। इससे सिक्खों की काफी समय से चली आ रही मांग को पूरा किया। इससे हरियाणा में सिख समुदाय को स्वायत्तता मिली है। उन्होंने कहा कि सरकार ने गुरु नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व, गुरु गोबिंद सिंह के 350वें प्रकाश पर्व और गुरु तेग बहादुर के 400 वें प्रकाश वर्ष को राज्य स्तर पर भव्य रूप से मनाया है। गत नवंबर मास में श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष में पूरे प्रदेश में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए। उन्होंने कहा कि यही ज्योतिसर में 25 नवम्बर को श्री गुरु ग्रंथ साहिब की हजुरी में राज्य स्तरीय समागम आयोजित किया गया। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए। उन्होंने श्री गुरु तेग बहादुर को समर्पित सिक्के, डाक टिकट और कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया।

### प्रथम पातशाह श्री गुरु नानक देव की याद में 9 एकड़ जमीन को सरकार ने गुरुद्वारा को सौंपा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रसाद योजना के तहत नाडा साहिब गुरुद्वारा, पंचकूला में 13 करोड़ 55 लाख 26 हजार रुपये की लागत से बहुमंजिला पार्किंग बनाई गई। लौहगढ़ में बाबा बन्दा सिंह बहादुर के नाम से ट्रस्ट बनाया है। लौहगढ़ की ऐतिहासिक, धार्मिक व सांस्कृतिक विरासत को संजोने व दुनिया को दिखाने के लिए यह ट्रस्ट निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि सिरसा में जो ऐतिहासिक गुरुद्वारा चिल्ला साहिब सदियों से प्रथम पातशाह श्री गुरु नानक देव की याद में स्थापित है। वह लगभग 9 एकड़ जमीन में बना हुआ है। पर वह जमीन सरकार के नाम थी। उस जमीन की रजिस्ट्री बगैर कोई कीमत लिए गुरुद्वारा साहिब के नाम की और ये कागजात बाबा जगतार सिंह कार सेवा वालों को खुद मैंने गुरुद्वारा साहिब जाकर संगत की हाजिरी में भेंट किए।

**ये रहे कार्यक्रम में मौजूद :** इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन, मुख्यमंत्री के ओएसडी डा. प्रभलीन सिंह, जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी, चेयरमैन धर्मवीर डागर, चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर, उपाध्यक्ष धूमन सिंह किरमच, जयभगवान शर्मा डीडी, प्रदेश सचिव राहुल राणा, बीबी करतार कौर, सरदार हरविंद्र सिंह, कंवलजीत सिंह अजराना, सरदार मनदीप सिंह, सरदान तरणदीप वडैच, डा. अवनीत कुमार, जसवीर सिंह वड़ैच, हरमेश सैनी, दिलबाग सिंह, परमजीत मक्कड़, नरेंद्र गिल, रजवंत कौर, सिमरनदीप सिंह, निरवैर सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### 5 एकड़ में बनने वाले संग्रहालय का 124 करोड़ के कामों का हुआ टेंडर

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा में सिख संग्रहालय कुरुक्षेत्र के उमरी में जल्द शुरू होने जा रहा है। यह प्रदेश का पहला ऐसा संग्रहालय होगा, जो सिख इतिहास, संस्कृति और गुरुओं के योगदान को प्रदर्शित करेगा। यह संग्रहालय कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा प्रदान की गई 5 एकड़ भूमि पर विकसित किया जाएगा। गत दिसंबर में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा 124 करोड़ रुपये का टेंडर जारी किया गया। जल्द ही इस पर काम शुरू करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज, अंबाला का नाम श्री गुरु तेग बहादुर के नाम पर रख गया। टोहाना-जींद-धमतान साहिब रोड का नाम श्री गुरु तेग बहादुर मार्ग रखा गया। सरकार ने यमुनानगर में बनने वाले मेडिकल कॉलेज का नाम हिन्द की चादर श्री गुरु तेग बहादुर सिंह के नाम पर रखा है। इसी तरह तीर्थ यात्रियों के लिए स्वर्ण जयंती गुरु दर्शन यात्रा योजना के माध्यम से आर्थिक सहायता प्रदान करने की व्यवस्था की है।

### मुख्यमंत्री के संकल्प बन रहे हैं नए आदर्श प्रेरणाओं के माध्यम : ज्ञानानंद

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कुरुक्षेत्र की धरा से एक नई पहल का उदय बैसाखी मेला के रूप में किया है। बैसाखी उत्सव हमारे लिए गौरवशाली धरोहर का सम्मान है। जो नई फसलों का अभिनंदन, मौसम परिवर्तन का अभिनंदन और खालसा साधना का संदेश है। मुख्यमंत्री के संकल्प नए आदर्श प्रेरणाओं के माध्यम बन रहे हैं। देश की बहुत अधिक ऐसी पहलें एवं दिव्यताएं हैं, जिन्हें देखकर विश्व भारत को अग्रणी मान रहा है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती की पहल हुई थी, अब करीब 40 लाख श्रद्धालुओं का यहां आना-जाना हो रहा है। भगवान श्रीकृष्ण ने विश्व शांति के लिए उपदेश दिया था और आज भी यही धरा विश्व के नागरिकों के लिए अग्रदूत की भूमिका अदा करेंगे।

# मां प्रकृति की सबसे सुंदर रचना है, मां के प्रति हमेशा प्रेम, सम्मान और आभार प्रकट करना चाहिए : नरेश रानी

» प्रथम न्यूज । पिहोवा
09 मई ( मुकेश डोलिया )

गीता मॉडल स्कूल के प्रांगण में मदर्स डे का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री अद्वैत अनंत आश्रम से पूजनीय संत श्री आत्म विभोर जी, श्री कृष्ण कृपा मंदिर से बहने ज्योति मित्तल, प्रमोद तनेजा, पूजा तनेजा, शोभा तनेजा, किरण बजाज, रमा जी ओर पूर्व प्राचार्य मंजू चोपड़ा जी ने मां सरस्वती के प्रतिबिंब के आगे दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में स्कूल के विभिन्न क्लब जैसे डांस, योगा, म्यूजिक, आर्ट एंड क्राफ्ट, आत्मरक्षा कौशल, बिना गैस के खाना पकाना व रंगोली, नैतिक शिक्षा आदि के छात्रों द्वारा सुंदर-सुंदर प्रस्तुतियां देकर अपनी माताओं के प्रति स्नेह को उजागर किया गया। किड्स विंग के नन्हे मुन्ने बच्चों ने वेलकम डांस के साथ सभी अतिथियों का स्वागत किया। वृद्ध आश्रम से जुड़ी भावपूर्ण प्रस्तुति देखकर सभी का मन भाव-विभोर हो गया।



योगा और म्यूजिक क्लब के विद्यार्थियों ने भी अपनी शानदार प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को मनमोहक बना दिया। विद्यालय के किड्स विंग के छोटे-छोटे बच्चों ने भी डांस की प्रस्तुति देकर अपनी माताओं के प्रति अपने प्यार और सम्मान को प्रदर्शित किया। विद्यार्थियों ने श्री मद्भागवत गीता जी के पंद्रहवें अध्याय के श्लोकों का उच्चारण सारे वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। नन्ही कलाकारों द्वारा प्रस्तुत गिद्दा ओर हरियाणवी डांस भी मुख्य आकर्षण रहे। माताओं के लिए अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने बढ़-चढ़कर भाग लिया। संत श्री आत्म विभोर जी ने विद्यालय द्वारा बच्चों को दी जा संस्कारिक शिक्षा और प्रयासों की सराहना की स्कूल की प्रिंसिपल नरेश रानी ने बताया कि मां प्रकृति की सबसे सुंदर रचना है और मां की ममता और स्नेह और पिता का अनुशासन किसी भी मनुष्य के व्यक्तित्व को निखारने में अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में प्रबंधक विनय अरोड़ा ने बताया की बच्चे के भविष्य निर्माण में मां की भूमिका अहम होती है इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती नरेश अरोड़ा, चेयरमैन सतपाल अरोड़ा, प्रबंध निदेशक विनय अरोड़ा, उपमुख्यअध्यापिका निशा गर्ग, मैनेजर सुनील सैनी, एकेडमिक मैनेजर प्रियंका गोयल, कृतिका अरोड़ा, कोऑर्डिनेटर लक्ष्मी वर्मा व सभी अध्यापक गण उपस्थित रहे।

# भारत की सनातन संस्कृति, आस्था, स्वाभिमान और गौरवशाली इतिहास को समर्पित होगा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व : विश्राम कुमार मीणा

**-मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत**

» प्रथम न्यूज । कुरुक्षेत्र
09 मई ( मुकेश डोलिया/बृज मोहन )

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व-1000 वर्ष की अखंड आस्था कार्यक्रम का आयोजन भारत की सनातन संस्कृति, आस्था, स्वाभिमान और गौरवशाली इतिहास को समर्पित होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य देश की सांस्कृतिक विरासत, सनातन परंपराओं तथा सोमनाथ मंदिर के गौरवशाली इतिहास से नई पीढ़ी को जोडऩा है। यह पर्व भारत की उस अदम्य आस्था और आत्मसम्मान का प्रतीक है, जिसने अनेक चुनौतियों के बावजूद अपनी सांस्कृतिक चेतना को सदैव जीवित रखा।



उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने शनिवार को श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय का दौरा कर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय की प्रबंधक कमेटी के साथ बैठक कर तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा भी की। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर में मंत्रोच्चारण के साथ जलाभिषेक किया।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि 11 मई को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व-1000 वर्ष की अखंड आस्था कार्यक्रम का श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अरुणाय में 101 महिलाओं की कलश यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। महिलाएं अपने-अपने सिर पर कलश लेकर मंदिर तक पहुंचेंगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंदिर के गर्भगृह में विधिपूर्वक पूजा अर्चना करेंगे।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 48 कोस के तीर्थ स्थलों के संत महात्माओं का स्वागत किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्री सोमनाथ मंदिर प्रभास पाटन, वेरावल, गुजरात से कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की ट्रेफिक व कानून व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध करेंगे। स्वास्थ्य विभाग की टीम स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए मौजूद रहेगी। बिजली विभाग द्वारा पावर सप्लाई की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने विभिन्न विभागों को दी गई जानकारी को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

# नशा तस्करों पर कैथल पुलिस का लगातार शिकंजा

» प्रथम न्यूज । कैथल
09 मई ( कृष्ण गर्ग )

नशा मुक्त हो जिला मुहिम तहत एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के निर्देशानुसार जिला पुलिस द्वारा नशा तस्करों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में चौकी महमूदपुर पुलिस द्वारा एक आरोपी को 4.4 ग्राम स्मैक व 2 लीटर हथकढी शराब सहित काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चौकी महमूदपुर पुलिस प्रभारी एएसआई संजय कुमार की टीम को गश्त दौरान एक गुप्त सूचना मिली कि गांव गढ़ी नजीर निवासी रवि मोटरसाइकिल पर नाजायज शराब बेचने का काम करता है तथा आज भी वह भाखड़ा नहर वाली सड़क के रास्ते पंजाब की तरफ शराब लेकर जाने वाला है। सूचना को विश्वसनीय मानते हुए एएसआई संजय कुमार की टीम द्वारा तुरंत चैक पोस्ट अजीमगढ़ के पास नाकाबंदी



शुरू की गई। कुछ समय बाद पुलिस टीम को एक संदिग्ध मोटरसाइकिल आता दिखाई दिया।

पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर चालक घबरा गया तथा मोटरसाइकिल को वापस मोड़ने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे मोटरसाइकिल सहित काबू कर लिया। जिसकी पहचान गढ़ी नजीर निवासी रवि के रूप में हुई। जांच दौरान मोटरसाइकिल के साथ बंधे काले रंग के बैग की तलाशी लेने पर पुलिस को एक प्लास्टिक बोतल में 2 लीटर नाजायज शराब तथा एक पोलिथीन में मादक पदार्थ 4.4 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना गुहला में मामला दर्ज करके मौके पर पहुंचे एसआई रामफल द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी न्यायालय में पेश किया जाएगा, जिससे पूछताछ की जा रही है।

# नशीली गोलियां सप्लाई करने के मामले में स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा सप्लायर काबू



» प्रथम न्यूज । कैथल
09 मई ( कृष्ण गर्ग )

नशा तस्करों की जड़ मूल तक पहुंचने के लिए एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के आदेशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत 4380 प्रतिबंधित नशीली गोलियां बरामदगी मामले में त्वरित कार्रवाई दौरान स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा सप्लायर को भी काबू कर लिया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 7 मई को स्पेशल डिटैक्टिव यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार की अगुवाई में एएसआई शमशेर सिंह की टीम द्वारा एक गुप्त सूचना के आधार पर सिरसा ब्रांच नहर पटरी पर गांव चंदाना की तरफ नाकाबंदी दौरान मोटरसाइकिल आए आरोपी गांव सांघन निवासी बिन्टु को काबू किया गया था। जिसके के कब्जे में पॉलिथीन से लोराजेपम नामक टेबलेट के 146 पत्तो से कुल 4380 गोलियां बरामद हुई थी। थाना तितरम में मामला दर्ज करके आगामी जांच एएसआई तरसेम कुमार द्वारा करते हुए आरोपी बिंटु का न्यायालय से 2 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया था।

रिमांड अवधि दौरान पूछताछ उपरांत आरोपी बिंटु ने कबूल किया कि उसको यह नशीली गोलियां गांव नरड़ निवासी राहुल द्वारा उपलब्ध करवाई गई थी। एएसआई तरसेम की टीम द्वारा तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी नरड़ निवासी राहुल को पुराना बस अड्डा कैथल के पास से काबू कर लिया गया। शनिवार को आरोपी बिंटु को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया, जबकि आरोपी राहुल का न्यायालय से पुलिस रिमांड हासिल किया गया।

# हरियाणा में डिजिटल सेवाओं की बड़ी शुरुआत, किसानों और आम जनता को मिलेगा सीधा लाभ

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़
09 मई ( मुकेश डोलिया )

हरियाणा सरकार ने प्रदेश के किसानों और आम नागरिकों को बड़ी राहत देते हुए दो नई डिजिटल सुविधाओं की शुरुआत की है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को ऑनलाइन बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम और किसानों को व्हाट्सएप पर जे-फार्म भेजने की योजना का शुभारंभ किया। अब किसानों को अपनी फसल से संबंधित जे-फार्म लेने के लिए आढ़तियों या मंडियों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। फसल बेचने के बाद जे-फार्म सीधे उनके व्हाट्सएप नंबर पर भेजे जाएंगे, जिससे 72 घंटे के भीतर भुगतान प्रक्रिया आसान होगी।



सरकार के अनुसार, 6 मई तक 5 लाख 78 हजार किसानों ने मंडियों में अपनी उपज बेची और उन्हें 13 लाख 77 हजार जे-फार्म जारी किए गए। वहीं, ऑनलाइन बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम के जरिए अब घर बैठे भवन निर्माण नक्शों की मंजूरी मिल सकेगी। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी, भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी और लोगों का समय बचेगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में 1 अप्रैल से 7 मई तक 84 लाख टन से अधिक गेहूं की आवक हुई है, जबकि 82 लाख 55 हजार टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। सरकार का दावा है कि नई डिजिटल व्यवस्थाएं जनता के लिए सुविधाजनक और पारदर्शी साबित होंगी।

# कलायत क्षेत्र से गेहूं चोरी मामले में एंटी नारकोटिक सैल द्वारा आरोपी काबू

» प्रथम न्यूज । कैथल
09 मई ( कृष्ण गर्ग )

पुलिस अधीक्षक कैथल मनप्रीत सिंह सूदन के निर्देशानुसार जिला पुलिस द्वारा चोरी व आपराधिक गतिविधियों में शामिल आरोपियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में कलायत क्षेत्र से गेहूं चोरी मामले की जांच एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एचसी अनिल कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव भाणा निवासी अनिल को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की रोहताश कुमार प्रोपराइटर मैसर्ज एस आर ट्रेडिंग कंपनी अनाज मंडी सब सेंटर बडसीकरी खुर्द की शिकायत अनुसार 1 मई को सुबह लगभग 3 से 4 बजे के बीच अज्ञात व्यक्ति द्वारा सब सेंटर बडसीकरी खुर्द स्थित परचेज सेंटर से 20 कट्टे गेहूं चोरी कर लिए गए थे। चोरी किए गए गेहूं का कुल वजन लगभग 10 क्विंटल बताया गया। शिकायतकर्ता के अनुसार चोरी की वारदात जम्मू कटरा हाईवे के पास बालू रोड स्थित परचेज सेंटर से हुई थी। जिस बारे थाना कलायत में मामला दर्ज किया गया था। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा 6 कट्टे गेहूं तथा वारदात में प्रयुक्त ऐरटिका गाड़ी बरामद की गई। आरोपी शनिवार को अदालत में पेश किया जाएगा, जिससे पूछताछ की जा रही है।





## आज का संपादकीय

# मंज़िल सबकी मौत है

**कैसी विडंबना है की आज मानव माया के मोहजाल में फंसता जा रहा है पल भर का भरोसा नहीं है बस मेरा मेरी लगी है मंजिल सबकी मौत है फिर यह नफ़रत, भेदभाव क्यों यह मोह माया क्यों जब पता है की एक दिन इस नशवर संसार से ष्ठ ख़सत होना है तो यह गिले शिकवे क्यों अच्छे कर्म कीजिये यही असली कमाई है।**

मौत का एक दिन मुकरर है मौत सबको आएगी अमर कोई नहीं रहा` वक्त एक जैसा नहीं रहता राज को रंक बनने में एक पल नहीं लगता अहंकार त्याग देना चाहिए` आदमी ताउम्र साम, दाम, दंड, भेद, जैसे हथकंडे अपनाकर पैसा इकट्ठा कर रहा हैं` आज लोग संवेदनहिन् हो गया हैं कौन जी रहा कौन मर रहा कोई सरोकार नहीं है` संवेदना मृतप्राय हो चुकी हैं आधुनिक मानव स्वार्थ व मतलब तक सीमीत हो गया है यह बहुत ही त्रासदी है` संस्कारों का अंतिम संस्कार होता जा रहा हैं` नैतिक मूल्यों का पतन हो चूका है` नैतिकता नाम की कोई चीज नहीं है लोग नैतिकता की अदालत में हार रहे हैं समाज के बुद्धिजीवी लोगों को मंथन करना होगा नैतिक मूल्य को बरकरार रखना होगा तभी समाज में नैतिकता बनी रहेगी`` मानव ताउम्र भटकता रहता है धनलीपसा में मशगुल रहता हैं उल्टा सीधा काम करके माया को इक्कठा कर रहा है आदमी को पता है की यहाँ कोई अमर नहीं है` आधुनिक मानव जर, जोरू, जमीन के लिए अपनों का खून कर रहा है रिश्तों का कत्लेआम कर रहा हैं` खुनी रिश्ते खत्म होते जा रहे हैं इंसान को कोई नहीं गिरा सकता इंसान ही इंसान को गिरा रहा हैं` खुनी रिश्ते दरक रहे हैं इन रिश्तों को बचाना चाहिए` अपने ही काम आते हैं दूसरे तमाशा देखते हैं आज हालात बहुत ही खराब होते जा रहे हैं लोग सोशल मीडिया व व्हाट्सप्प पर व्यस्त रहते हैं चौबीस घंटे भी कम पड़ते जा रहे हैं अपनों के लिए समय ही नहीं हैं समय का अभाव होता जा रहा हैं` अपने ही काम आएंगे गैर तमाशा देखेंगे` अपनों से मनमुटाव हैं मगर सात समंदर पार अजनवी के लिए समय ही समय हैं अपनों का कभी हाल नहीं पूछते लेकिन अजनबी लोगों की पल पल की खबर ली जाती हैं अपना आस पड़ोस ही काम आएगा विदेशी नहीं काम आएगा` आज लोग एक दूसरे से बेबजह ही दुश्मनी रखते है` किसी का आदर सम्मान नहीं करते उल्टा अपमान करते हैं आदमी को अपना अतीत नहीं भूलना चाहिए क्यूंकि अतीत की परछाईयां मरते दम तक पीछा करती हैं` कर्म अनिश्चित हैं लेकिन फल निश्चित हैं` मानव को ऐसे कर्म करने चाहिए की समाज याद कर सके` ऐसे लोगों की सहायता कीजिये जो जरूरत मंद हैं गरीबों का हक छिना जा रहा हैं लेकिन जब गरीब की बद्दुआ लगती है तो लोहा भी भस्म हो जाता हैं इसलिए गरीब को मत सताओ` ईश्वर सजा जरूर देता हैं` आज मानव दिन रात अकूत धन् कमा रहा हैं लेकिन पल भर की खबर नहीं है आज लोग दूसरों के रास्ते में कांटे बिछाते हैं लेकिन एक दिन ऐसे लोगों को उनके कर्मो की सजा जरूर मिलती है कर्म सुधार लीजिये गरीबो की मदद कीजिये यही सच्ची मानवता है।



आदर्श भारती

# विधानसभा चुनाव नतीजों के बड़े सबक

## अब 'एम' पर 'एच' हावी; सुधर जाएं पारंपरिक पार्टियां



**डॉ. पवन कुमार शर्मा**
**स्वतंत्र लेखक**

**हालिया विधानसभा चुनावों के नतीजों ने भारतीय राजनीति में बड़े बदलाव के संकेत दिए हैं। पश्चिम बंगाल, असम और तमिलनाडु के परिणामों ने साफ किया कि अब हिंदू वोटों का एकीकरण कई राज्यों में निर्णायक भूमिका निभा रहा है। बीजेपी विरोधी दलों की कथित तुष्टिकरण राजनीति को मतदाताओं ने चुनौती दी है। वहीं तमिलनाडु में टीवीके जैसी नई पार्टी का उभार दर्शाता है कि जनता अब पारंपरिक दलों से आगे नए विकल्पों को भी मौका देने लगी है। ममता बनर्जी, स्टालिन और पिनाराई विजयन जैसे नेताओं की हार ने क्षेत्रीय राजनीति में बदलाव की आहट दी है। दूसरी ओर बीजेपी में हिमंता बिस्वा सरमा और सुवेंदु अधिकारी जैसे नेताओं का बढ़ता प्रभाव विपक्ष के लिए चिंता का विषय बन रहा है। इन चुनावों ने विपक्षी एकता की कमजोरियों को भी उजागर किया है। अब नजर 2027 और 2029 के चुनावों पर रहेगी, जहां ये राजनीतिक रुझान और स्पष्ट हो सकते हैं।**



हाल ही में पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के परिणाम भारतीय राजनीति की बदलती दिशा और दशा को साफ उजागर करते हैं। ये चुनावी नतीजे जाहिर तौर पर भविष्य में होने वाले छोटे-बड़े चुनावों पर गहरी छाप छोड़ने वाले हैं। कोई राजनीतिक दल अगर इन चुनाव नतीजों को महज पश्चिम बंगाल, असम और तमिननाडु तक सीमित होने की बात करता है तो उनकी राजनीतिक दूरदर्शिता पर सवालिया निशान जरूर उठते हैं। बीजेपी और उसके विरोधी दल दोनों, अगर अपनी वर्तमान राजनीतिक रणनीति पर चलते रहे, तो ये चुनावी रुझान और भी मजबूत होने की पूरी संभावना है, जिससे न केवल आगामी वर्षों में होने वाले विधानसभा चुनावों पर बल्कि 2029 के लोकसभा चुनावों पर भी काफी हद तक प्रभाव पड़ेगा।

वर्तमान चुनाव परिणामों का पहला स्पष्ट संदेश तो यह है कि भारतीय राजनीति में मुस्लिम तुष्टिकरण का प्रभाव कम हो गया है। अब 'एम' पर 'एच' हावी हो रहा है। कम से कम पश्चिम बंगाल और असम के चुनाव परिणाम तो इसकी ओर सीधा इशारा कर रहे हैं। इन दोनों राज्यों के चुनाव नतीजे बताते हैं कि हिंदू वोटों के एकीकरण ने मुस्लिम तुष्टिकरण के प्रभाव को तेजी से बेअसर किया है। बीजेपी विरोधी पार्टियों विशेषकर तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और डीएमके की हिंदू-विरोधी नीतियों और बयानों ने इस भावना का तेजी से प्रचार-प्रसार किया है। पहले हिंदू मतदाता बंटे हुए थे, लेकिन समय के साथ वे बीजेपी के पीछे एकजुट हो गए। इस एकजुटता ने उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में बीजेपी की जीत में योगदान दिया है, जहां कभी 'एम-वाई' फैक्टर निर्णायक भूमिका निभाता था।

असम में बीजेपी की हैट्रिक जीत ने हिंदू एकीकरण को और मजबूत किया है। इसी तरह पश्चिम बंगाल में बीजेपी ने लगातार अपना जनाधार बढ़ाया है, जिससे वामपंथी और कांग्रेस हाशिए पर चले गए हैं। लंबे समय से पश्चिम बंगाल की राजनीतिक प्रवृत्ति, गैर-बीजेपी दलों के बीच मुस्लिम समुदाय के प्रति झुकाव की रही है। इसमें 35 वर्षों का वामपंथी शासन और फिर पिछले 15 वर्षों में सत्तारूढ़ रही ममता बनर्जी की टीएमसी का है। पश्चिम बंगाल में मुसलमानों की आबादी लगभग 30 प्रतिशत है और वे लगभग 90 विधानसभा सीटों को सीधा प्रभावित करते हैं। हालांकि हिंदू वोटों के एकीकरण ने इस बार बीजेपी को इस स्थिति को प्रभावी ढंग से चुनौती देने में सक्षम बनाया। असम और पश्चिम बंगाल के चुनावी परिणाम स्पष्ट तौर पर बताते हैं कि हिंदू विरोधी नीतियां राजनीतिक रूप से अब उलटी पड़ सकती हैं। तमिलनाडु में भी जिस डीएमके ने हिंदू-विरोधी रुख अपनाया, उसको जनता ने सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। 2026 के चुनावों के दौरान एक्टर विजय की नवगठित पार्टी टीवीके ने इस तरह की छवि से परहेज किया और नतीजे बताते हैं कि उनकी पार्टी को हिंदुओं के सभी वर्गों का व्यापक समर्थन प्राप्त हुआ।

सुपरस्टार विजय के नेतृत्व वाली टीवीके की दमदार परफॉर्मेंस पारंपरिक पार्टियों के लिए एक गंभीर चेतावनी है। तमिलनाडु के नतीजों का स्पष्ट संदेश है कि अगर स्थापित पार्टियां अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पातीं तो मतदाता बिना किसी राजनीतिक बोझ के नए दलों का समर्थन करने में कोई झिझक नहीं करेगा। एआईएडीएमके-बीजेपी गठबंधन का सत्ता विरोधी लहर का फायदा न उठा पाना और एक नई राजनीतिक ताकत के हाथों अपनी पकड़ खोना, गंभीर आत्मनिरीक्षण का विषय है। 2014 के बाद आम आदमी पार्टी को दिल्ली के मतदाताओं का ऐसा ही समर्थन मिला था। कई चुनावों तक यह समर्थन बरकरार रहा लेकिन अंततः उसने जनता का विश्वास खो दिया।

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी, केरल में पिनाराई विजयन और तमिलनाडु में एमके स्टालिन जैसे नेताओं की चुनावी हार के बाद, यह स्पष्ट हो गया है कि अब दिग्गजों के युग का अंत हो गया है और जनता राजनीतिक प्रभुत्व को नहीं मानती। बड़ा सवाल यह भी है कि टीएमसी और डीएमके जैसी पार्टियां, जिन्हें विचारधारा या कार्यकर्ता-आधारित होने के बजाय व्यक्तित्व-आधारित माना जाता है, इन प्रमुख नेताओं की फीकी पड़ती चमक के साथ अपना अस्तित्व बनाए रख पाएंगी या नहीं। दूसरी ओर अभिषेक बनर्जी या उदयनिधि स्टालिन जैसे नेताओं का अगर उदय होता भी है तो ये दोनों वंशवादी राजनीति की धारणा को ही और मजबूत करेंगे। ऐसी स्थिति में राज्यों में राजनीतिक स्थिरता को दीर्घकालिक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

बीजेपी में बाहरी लोगों का उदय भी हाल के चुनावी परिणामों का रोचक घटनाक्रम है। बीजेपी में हिमंता बिस्वा सरमा और सुवेंदु अधिकारी जैसे नेताओं का बढ़ता कद विपक्ष के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। सरमा पूर्व कांग्रेस नेता हैं और सुवेंदु अधिकारी पूर्व टीएमसी नेता। इन दोनों नेताओं ने अपने-अपने राज्यों में हिंदुत्व के प्रतीक के रूप में अपनी छवि बदली। इस नीति का अनुसरण कई अन्य विपक्षी नेता भी कर सकते हैं जो वंशवादी राजनीति और अपनी पार्टियों के हिंदू विरोधी रुख के बोझ तले दबे हुए हैं। जाहिर तौर पर इससे विपक्षी नेताओं का बीजेपी की शरण में आना बढ़ेगा और बीजेपी विरोधी गठबंधन और कमजोर हो सकता है।

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणामों ने विपक्षी एकता को भी छिन्न-भिन्न कर दिया है। राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया ब्लॉक अब खत्म नजर आता है। केरल में वामपंथी दलों को कांग्रेस नेतृत्व वाले यूडीएफ ने हराया, तो पश्चिम बंगाल में कांग्रेस, वामपंथी दलों और टीएमसी ने अलग-अलग चुनाव लड़े। ये मतभेद इन पार्टियों के अंदरूनी तनावों को उजागर करते हैं। टीवीके को कांग्रेस द्वारा समर्थन देने के बाद डीएमके सांसद अब लोक सभा में कांग्रेस सांसदों से दूर बैठे नजर आएंगे।

2027 में पंजाब, यूपी, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, गोवा और मणिपुर में चुनाव हैं। 2028 में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान, तेलंगाना, नागालैंड, त्रिपुरा,मेघालय और मिजोरम में नई सरकार चुनी जाएगी। 2029 में आम चुनाव के साथ ही आंध्र प्रदेश, ओडिशा, हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र, जम्मू कश्मीर, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में चुनावी टक्कर देखने को मिलेगी। फिलहाल देखना दिलचस्प होगा कि 2029 तक जनता का मूड कितना और किस पैटर्न के साथ बदलता है...

## मदर्स डे विशेष : ममता, त्याग और नेतृत्व की प्रतिमूर्ति है 'माँ'

सृष्टि के कण-कण में यदि ईश्वर का कोई साक्षात स्वरूप विद्यमान है, तो वह माँ है। मदर्स डे मात्र एक तिथि नहीं, बल्कि उस अनंत ममता और निस्वार्थ त्याग के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन है, जो एक राष्ट्र के चरित्र का निर्माण करती है। मेरा मानना है कि माँ केवल एक परिवार की धुरी नहीं, बल्कि वह समाज की पहली शिक्षक और संस्कारों की असली शिल्पकार है।

### इतिहास की गौरवगाथा और मातृ-शक्ति

जब हम मातृ-शक्ति की बात करते हैं, तो भारत का इतिहास ऐसी वीरांगनाओं से भरा मिलता है जिन्होंने सिद्ध किया कि माँ का कोमल हृदय राष्ट्र की रक्षा के लिए वज्र जैसा कठोर भी हो सकता है।

**शौर्य की प्रतीक दुर्गा भाभी :** आजादी की लड़ाई में दुर्गा भाभी (दुर्गावती देवी) का योगदान अविस्मरणीय है। सांडर्स वध के बाद जब अंग्रेजी हुकूमत भगत सिंह की तलाश में थी, तब दुर्गा भाभी ने अपनी जान की परवाह न करते हुए, एक माँ और पत्नी का रूप धरकर उन्हें सुरक्षित निकाला। उन्होंने न केवल बम बनाए, बल्कि क्रांतिकारियों के दल को एक माँ की तरह संरक्षण भी दिया।

**क्रांतिकारी चेतना :** महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा की जो ज्योति जलाई, उसने समाज की हर बेटी को वैचारिक माँ बनकर जीने की शक्ति दी।

**करुणा का वैश्विक स्वरूप :** मदर टेरेसा ने यह सिखाया कि ममता की कोई सरहद नहीं होती। उन्होंने हर असहाय को अपनी संतान मानकर सेवा की। वहीं कस्तूरबा गांधी ने बापू के साथ कदम से कदम मिलाकर पूरे देश के लिए बा (माँ) की भूमिका निभाई।

### न्याय, प्रशासन और आधी आबादी का हक

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के महाधिवक्ता कार्यालय में अपने लंबे प्रशासनिक कार्यकाल के दौरान मैंने अनुभव किया कि जब एक महिला सशक्त होती है, तो वह पूरे तंत्र को संवेदनशीलता और पारदर्शिता से भर देती है।

आज की भारतीय नारी श्रीमती इंदिरा गांधी जैसी मजबूत इच्छाशक्ति रखती है, किरण बेदी जैसा अनुशासन दिखाती है और कल्पना चावला की तरह आसमान नापने का साहस रखती है। लेकिन आज मदर्स डे पर हमें यह आत्मचिंतन करना होगा कि क्या हम अपनी माताओं और बहनों को उनका वास्तविक हक दे पा रहे हैं

मेरा स्पष्ट मानना है कि महिलाओं को अब केवल 33त्न आरक्षण तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए। राजनीति, प्रशासन और हर निर्णयकारी मंच पर महिलाओं की 50% भागीदारी होनी चाहिए। आधी आबादी को जब तक पूरा हक नहीं मिलेगा, तब तक विकसित भारत का सपना अधूरा है।



**राजबीर सिंह भारतीय**
**मनीमाजरा, चंडीगढ़ (वार्ड नंबर 4)**
**पूर्व सुपरिटेंडेंट, ए.जी. ऑफिस, हरियाणा।**

### वार्ड नंबर 4 (मनीमाजरा) और चंडीगढ़ और समाज के प्रति संकल्प

मनीमाजरा EWS रेजिडेंस वेलफेयर एसोसिएशन के माध्यम से मेरा यह निरंतर प्रयास रहता है कि हमारे वार्ड नंबर 4 और चंडीगढ़ तथा देश की हर माता और बहन को सम्मानजनक जीवन मिले। हमारा संकल्प है कि क्षेत्र की हर बेटी शिक्षित हो और हर माँ आत्मनिर्भर बने।

**निष्कर्ष :** माँ के चरणों में ही स्वर्ग है, और माँ का आशीर्वाद ही हमारी असली पूंजी है। आइए, इस मदर्स डे पर हम संकल्प लें कि हम न केवल अपनी माँ का सम्मान करेंगे, बल्कि समाज में नारी शक्ति के प्रति सुरक्षा, समानता और गरिमा का वातावरण भी तैयार करेंगे।

नारी तुम केवल श्रद्धा नहीं, तुम शक्ति का अवतार हो।

इस सृजनशील समाज की, तुम ही असली आधार हो।

मातृ शक्ति को कोटि-कोटि नमन!

## मदर्स डे विशेष : मां सृष्टि की सबसे अनमोल शक्ति और जीवन की पहली गुरु

मदर्स डे के अवसर पर दुनिया भर में मातृत्व, मां के त्याग, प्रेम और समर्पण को सम्मानपूर्वक याद किया जाता है। मां केवल एक रिश्ता नहीं होती, बल्कि वह जीवन की वह अमूल्य शक्ति है जो अपने बच्चे को जन्म देने के साथ-साथ उसे संस्कार, शिक्षा और जीवन जीने की सही राह भी दिखाती है। मां का स्थान संसार में सबसे ऊंचा माना गया है, क्योंकि उसका प्रेम निस्वार्थ, पवित्र और अटूट होता है। वह अपने बच्चों की खुशी के लिए हर दर्द और कठिनाई को मुस्कुराते हुए सहन कर लेती है।

कहा जाता है कि भगवान हर जगह उपस्थित नहीं रह सकते थे, इसलिए उन्होंने मां को बनाया। मां ही वह पहली गुरु होती है, जो बच्चे को बोलना, चलना, अच्छे संस्कार और सही-गलत का अंतर सिखाती है। बच्चे की सफलता में मां का सबसे बड़ा योगदान होता है। वह अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए दिन-रात मेहनत करती है और हर परिस्थिति में उनका हौसला बनकर खड़ी रहती है। मां का आंचल बच्चे के लिए सबसे सुरक्षित स्थान माना जाता है, जहां उसे सुकून, प्रेम और अपनापन मिलता है।



आज के आधुनिक दौर में जहां रिश्तों में दूरियां बढ़ती जा रही हैं और लोग व्यस्त जीवनशैली में भावनात्मक संबंधों को भूलते जा रहे हैं, वहां मां का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है। मां परिवार की नींव होती है और पूरे घर को प्रेम, धैर्य और संस्कारों के सूत्र में बांधकर रखती है। एक संस्कारी और मजबूत समाज के निर्माण में मां की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है। मां अपने बच्चों को केवल शिक्षा ही नहीं देती, बल्कि उन्हें इंसानियत, दया, सम्मान और संघर्ष का पाठ भी पढ़ाती है।

मदर्स डे केवल उपहार देने या एक दिन मनाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि यह मां के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और प्रेम व्यक्त करने का अवसर है। हमें चाहिए कि हम अपने व्यस्त जीवन में से समय निकालकर अपनी मां की भावनाओं को समझें, उनका आदर करें और उन्हें यह महसूस कराएं कि वे हमारे जीवन में कितनी महत्वपूर्ण हैं। मां के त्याग और प्रेम का कर्ज कोई कभी नहीं चुका सकता, लेकिन उनके प्रति सम्मान और स्नेह जरूर प्रकट किया जा सकता है। इस अवसर पर सभी माताओं को नमन करते हुए यही संदेश दिया गया कि मां के बिना जीवन अधूरा है। मां ही वह शक्ति है जो हर परिस्थिति में अपने परिवार को संभालती है और अपने बच्चों के सपनों को पूरा करने के लिए स्वयं के सपनों का त्याग कर देती है। सच ही कहा गया है कि मां के चरणों में ही सच्चा स्वर्ग बसता है।



**पुनीत महाजन**
**संवाददाता और भारतीय एकता मंच जनरल सेक्रेटरी कम फाउंडर चंडीगढ़**

## बंगाल को फिर विकास और शांति की राह पर लाने की चुनौती

**पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों ने राज्य की राजनीति में बड़े बदलाव के संकेत दिए हैं। लंबे समय तक सत्ता में रही तृणमूल कांग्रेस की हार और भाजपा के उभार ने यह स्पष्ट कर दिया कि जनता बदलाव चाहती थी। चुनाव परिणामों के बाद टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने अपनी हार के लिए चुनाव आयोग और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को जिम्मेदार ठहराया, लेकिन राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह हार जनता के भीतर बढ़ते असंतोष का परिणाम थी।**

चुनाव से पहले मतदाता सूची के पुनरीक्षण और केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती को लेकर काफी विवाद हुआ। ममता बनर्जी ने इस प्रक्रिया का विरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया, लेकिन अदालत ने चुनाव आयोग की प्रक्रिया को सही ठहराते हुए उसे जारी रखने की अनुमति दी। केंद्रीय बलों की तैनाती के कारण चुनाव अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए। इसके बावजूद टीएमसी द्वारा चुनाव आयोग पर सवाल उठाना राजनीतिक हताशा के रूप में देखा गया।

दरअसल, पिछले कुछ वर्षों में पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था, भ्रष्टाचार, राजनीतिक हिंसा और महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों ने जनता के बीच सरकार के खिलाफ नाराजगी पैदा की। आरजी कर मेडिकल कॉलेज की महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया। वहीं संदेशखाली में महिलाओं के साथ हिंसा और दुर्व्यवहार के आरोपों ने भी सरकार की छवि को नुकसान पहुंचाया। इन घटनाओं ने आम लोगों के बीच यह धारणा मजबूत की कि राज्य में प्रशासनिक नियंत्रण कमजोर हो गया है।



बंगाल में राजनीतिक हिंसा भी लंबे समय से बड़ी समस्या रही है। चुनाव के दौरान और उसके बाद हुई हिंसा ने लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। भाजपा समर्थकों और कार्यकर्ताओं पर हमलों की घटनाएं लगातार सामने आईं। इससे जनता के बीच यह संदेश गया कि राज्य को विकास की राह पर आगे बढ़ाने के लिए सबसे पहले भय और हिंसा की राजनीति समाप्त करनी होगी।

बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा भी इस चुनाव में प्रमुखता से उभरा। सीमावर्ती जिलों में बदलती जनसांख्यिकी को लेकर लंबे समय से बहस चल रही थी। भाजपा ने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा और सांस्कृतिक पहचान से जोड़कर जनता के बीच उठाया। इसका असर खासतौर पर हिंदू मतदाताओं पर दिखाई दिया। लोगों को लगा कि लगातार हो रही घुसपैठ से सामाजिक संतुलन और सुरक्षा दोनों प्रभावित हो रहे हैं।

ममता बनर्जी पर लंबे समय से मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति करने के आरोप लगते रहे हैं। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि इसी कारण हिंदू मतदाताओं का बड़ा वर्ग भाजपा के समर्थन में एकजुट हुआ। चुनाव परिणामों ने यह भी दिखाया कि जनता अब केवल भावनात्मक राजनीति नहीं, बल्कि सुरक्षा, सुशासन और विकास चाहती है।

हालांकि भाजपा के सामने भी चुनौतियां कम नहीं हैं। राज्य में कानून-व्यवस्था सुधारना, राजनीतिक हिंसा रोकना और जनता का विश्वास जीतना आसान नहीं होगा। भाजपा को यह भी ध्यान रखना होगा कि दूसरे दलों से आए नेता और कार्यकर्ता पुरानी राजनीतिक संस्कृति को आगे न बढ़ाएं। यदि नई सरकार वास्तव में बंगाल को विकास और शांति की राह पर ले जाना चाहती है तो उसे निष्पक्ष प्रशासन, महिला सुरक्षा, रोजगार और निवेश जैसे मुद्दों पर गंभीरता से काम करना होगा।

स्पष्ट है कि बंगाल की जनता ने बदलाव के लिए मतदान किया है। अब यह नई सरकार की जिम्मेदारी है कि वह राज्य को हिंसा, भय और राजनीतिक टकराव से बाहर निकालकर विकास, लोकतंत्र और सामाजिक सौहार्द की दिशा में आगे बढ़ाए।

प्रथम न्यूज़
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
हिमाचल न्यूज़
Website : www.prathamnews.in



# प्रदेश की जनता अव्यवस्था और झूठे वादों से त्रस्त : जयराम ठाकुर

## कहा, अब कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का उचित समय, सोलन नगर निगम चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष ने संभाली प्रचार की कमान

» प्रथम न्यूज़ । सोलन
09 मई ( एएम नाथ )





पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शनिवार को सोलन नगर निगम चुनाव के मद्देनजर गंज बाजार में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर जनसंपर्क अभियान और चुनाव प्रचार की कमान पूरी मजबूती से संभाली, जहां जनता से मिले अपार स्नेह और उत्साह को उन्होंने प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों और भ्रष्टाचार के खिलाफ एक स्पष्ट जनादेश करार दिया। जनसभा को संबोधित करते हुए जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता अव्यवस्था और झूठे वादों से त्रस्त हो चुकी है और अब लोकतांत्रिक तरीके से सत्तापक्ष को करारा जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है, क्योंकि भाजपा हमेशा विकास, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प के साथ जनता के बीच खड़ी रही है। उन्होंने पुरानी यादों को साझा करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने सोलन, मंडी और पालमपुर को नगर निगम का दर्जा लोगों की मांग पर ही इसी सोच के साथ दिया था कि केंद्र से मिलने वाले बजट के माध्यम से इन शहरों का कायाकल्प किया जा सके, लेकिन कांग्रेस ने सत्ता में आते ही विकास की गति रोकने के साथ-साथ मर्ज एरिया के लोगों पर टैक्स का भारी बोझ डाल दिया, जबकि भाजपा ने पांच वर्ष तक रियायत देने का वादा किया था।

जयराम ठाकुर ने वर्तमान सरकार को %एक साल का मेहमान% बताते हुए दावा किया कि कांग्रेस केवल झूठ के सहारे टिकी है और चुनाव टालने की हरसंभव कोशिश के बाद अब हार के डर से बौखलाई हुई है, यहाँ तक कि हाईकोर्ट के आदेशों और न्यायपालिका की टिप्पणियों को भी नजरअंदाज करने का प्रयास किया गया। उन्होंने सोलन शहर की दुर्दशा पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि तेजी से बढ़ते इस शहर में कांग्रेस शासित निगम कूड़े के ढेर तक नहीं हटा पाई और प्रदेश सरकार ने पूर्व भाजपा सरकार द्वारा जारी बजट को भी वापस ले लिया, जिससे आधारभूत ढांचे का विकास पूरी तरह ठप हो गया है।

जयराम ठाकुर ने तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू जहां भी प्रचार करने जाते हैं, वहां भाजपा को फायदा होता है, जैसा कि बंगाल और असम के चुनाव परिणामों ने सिद्ध कर दिया है जहाँ कांग्रेस की जमानतें जब्त हुईं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस ने पंचायती राज जैसी लोकतंत्र की सबसे छोटी इकाई को कुचलने का काम किया है और अब झूठे घोषणापत्र के साथ जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है, लेकिन अब समय आ गया है कि विकास की निरंतरता के लिए भाजपा की निगम बनाई जाए ताकि भविष्य में प्रदेश और केंद्र सरकार के समन्वय से सोलन को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जा सके। उन्होंने निगम के सभी 17 प्रत्याशियों को जिताने की अपील करते हुए जनता से समर्थन मांगा और दावा किया कि अबकी बार सोलन में भाजपा की नगर निगम होगी। इस महत्वपूर्ण चुनावी अभियान के दौरान उनके साथ भाजपा प्रदेश सह-प्रभारी संजय टंडन, सांसद सुरेश कश्यप, विधायक बलबीर वर्मा, महामंत्री संजीव कटवाल, जिलाध्यक्ष रत्नपाल, पूर्व प्रत्याशी कश्यप और नेत्री रश्मिधर सूद सहित कई प्रमुख नेता उपस्थित रहे, जिन्होंने एक स्वर में कांग्रेस को सत्ता से बाहर उखाड़ फेंकने का आह्वान किया।

## संक्षिप्त न्यूज



### सुशीला पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया मातृ दिवस समारोह

**बीबीएन 9 मई ( तारा )** – सुशीला पब्लिक स्कूल वर्धमान बद्दी में मातृ दिवस बड़े उल्लास के साथ मनाया गया। स्कूल की प्रिंसीपल ने बताया कि इस अवसर पर स्कूल में उपस्थित बच्चों के अभिभावक, माताओं व बच्चों ने भाग लिया। मातृ दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम, चित्रकला, व लेखन कला का भी भव्य आयोजन किया गया। बच्चों ने मातृ दिवस से सम्बंधित बहुत ही मनमोहक कृतियाँ बनाई। बच्चों ने मध्य अवकाश में पौष्टिक आहार का भी आनंद लिया।

स्कूल के प्रबंधक निदेशक कैप्टन जी.पी. सिंह, सचिव कुंदन, प्रधानाचार्या समता वर्मा, उप प्रधानाचार्या मानसी ड्यूटी ने मातृ दिवस पर सभी माताओं को बधाई दी है।

### ग्राम पंचायत के मतदान केन्द्र में आंशिक संशोधन

**पट्टा मेहलोग, 9 मई ( तारा )** – ज़िला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने विकास खण्ड पट्टा के पूर्व में प्रकाशित ग्राम पंचायत के मतदान केन्द्र के लिए आंशिक संशोधन किया है।

इस संशोधन के अनुसार विकास खण्ड पट्टा की ग्राम पंचायत जाडला के वार्ड नम्बर-5 नयानगर के लिए संशोधित मतदान केन्द्र अब आंगनवाड़ी केन्द्र नयानगर होगा। पूर्व में यह राजकीय प्राथमिक पाठशाला नयानगर था।

यह निर्णय खण्ड विकास अधिकारी से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है।

### औरोबिंदो पब्लिक स्कूल बद्दी में एक दिवसीय स्टोरी टेलिंग प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



**बीबीएन, 9 मई, ( तारा )** – ओरोविंदो पब्लिक स्कूल बद्दी में सीबीएसई पंचकूला की तरफ से एक दिवसीय 'स्टोरी टेलिंग' प्रशिक्षण कार्याशाला का आयोजन किया गया। जिसमें ओरोविंदो पब्लिक स्कूल बद्दी के अध्यापकों के अतिरिक्त चंडीगढ़ के विद्यालयों से भी शिक्षक विद्यमान थे। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को कहानी कथन के माध्यम से शिक्षण को अधिक प्रभावी, रोचक एवं विद्यार्थी केंद्रित बनाना था। कार्यक्रम में गतिविधि आधारित शिक्षण ,वास्तविक जीवन परिस्थितियों पर आधारित अभ्यास, रोल प्ले करवाए गए। इस कार्याशाला का प्रतिनिधित्व रिसोर्स पर्सन वाइस प्रिंसिपल सोलिटेयर इंटरनेशनल स्कूल पंचकूला सारिका मालिक एवं ईशा मोरे ने किया। प्रशिक्षण कर्ताओं ने इस बात पर बल दिया कि किस प्रकार कहानी के माध्यम से छात्रों में रचनात्मकता ,भाषा कौशल, कल्पना शक्ति ,नैतिक मूल्यों एवं आलोचनात्मक चिंतन का विकास किया जा सकता है विभिन्न गतिविधियों, उदाहरणों तथा डिजिटल स्टोरी टेलिंग , अभिव्यक्ति पूर्ण वाचन , दृश्य सामग्री के उपयोग एवं गतिविधि आधारित शिक्षा पर बल दिया गया। प्रशिक्षण में प्रशिक्षुओं ने समूह गतिविधियों के माध्यम से अपनी रचनात्मक प्रस्तुतियां भी दी। विद्यालय प्रबंधन ने भी ऐसे प्रशिक्षण कार्य क्रमों को समय की आवश्यकता बताते हुए शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य अनिला नायर एवं डायरेक्टर कर्नल के.जे.एस. रंधावा ने प्रशिक्षण कर्ताओ एवं अन्य विद्यालय से आए हुए शिक्षकों का धन्यवाद किया।

# कुटलैहड़ की सेवा मेरा पहला ध्येय : विक्कू

» प्रथम न्यूज़ । बंगाणा
09 मई ( जोगिंद्र देव आर्य )



कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा क्षेत्र के विकास एवं जनसेवा को अपना मुख्य उद्देश्य बनाकर लगातार कार्य कर रहे हैं। मेरा ध्येय, मेरा अभियान – सर्वत्र कुटलैहड़ का विकास के संकल्प के साथ विधायक विवेक शर्मा क्षेत्र के हर वर्ग तक सहायता पहुंचाने में जुटे हुए हैं। इसी क्रम में उन्होंने गांव त्यासर, लठियाणी निवासी विनोद कुमार सुपुत्र महेंद्र सिंह, जो पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे हैं, को व्हील चेयर भेंट कर मानवीय संवेदनाओं का परिचय दिया।

जानकारी के अनुसार विनोद कुमार लंबे समय से बीमारी से जूझ रहे हैं, जिसके कारण उन्हें चलने-फिरने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। परिवार की परिस्थितियों को देखते हुए विधायक विवेक शर्मा ने तुरंत सहायता उपलब्ध करवाते हुए उन्हें व्हील चेयर प्रदान की, ताकि उनके दैनिक जीवन में कुछ राहत मिल सके। इस दौरान विधायक ने परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा हरसंभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया। इस अवसर पर विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि क्षेत्र की जनता ही उनका परिवार है और जरूरतमंद लोगों की सेवा करना उनका नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक विकास पहुंचाना तथा गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों की सहायता करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि समाज के कमजोर एवं असहाय लोगों की मदद के लिए वह सदैव तत्पर रहेंगे। विनोद कुमार एवं उनके परिवारजनों ने विधायक विवेक शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि व्हील चेयर मिलने से उन्हें काफी सहूलियत मिलेगी। वहीं स्थानीय लोगों ने भी विधायक द्वारा किए जा रहे जनहित कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि विवेक शर्मा लगातार क्षेत्र में लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुन रहे हैं और उनके समाधान के लिए प्रयासरत हैं। क्षेत्रवासियों ने विधायक के सेवा भाव को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों को समाज सेवा के ऐसे कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष विवेक मिंका, महेंद्र सिंह, सत्या देवी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# कुटलैहड़ में निर्विरोध पंचायतों को 20 लाख की प्रोत्साहन राशि, विकास को मिलेगी नई गति

» प्रथम न्यूज़ । बंगाणा
09 मई ( जोगिंद्र देव आर्य )

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से एक सराहनीय पहल सामने आई है, जो पंचायत स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करने और विकास कार्यों को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने एक विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आगामी पंचायती राज चुनावों में जो भी पंचायत निर्विरोध चुनी जाएगी, उसे राज्य सरकार की ओर से 20 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

यह घोषणा सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की उस सोच को दर्शाती है, जिसमें लोकतांत्रिक प्रक्रिया को स्वच्छ, शांतिपूर्ण और सर्वसम्मति आधारित बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सरकार का मानना है कि यदि पंचायतों में आपसी सहमति से प्रतिनिधियों का चयन होता है, तो इससे चुनावी खर्च और विवादों में कमी आएगी तथा विकास कार्यों पर अधिक ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि यह योजना पंचायतों में भाईचारे, सहयोग और सामंजस्य की भावना को बढ़ावा देगी। उन्होंने बताया कि निर्विरोध चुनी गई पंचायतें इस 20 लाख रुपये की राशि का उपयोग सड़कों के निर्माण, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता अभियान, सामुदायिक भवन, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास में कर सकेंगी।

उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस सरकार हमेशा से ग्रामीण विकास और पंचायत सशक्तिकरण को प्राथमिकता देती रही है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ गांवों तक पहुंच रहा है। यह प्रोत्साहन राशि भी उसी दिशा में एक प्रभावी कदम है, जिससे पंचायतें आत्मनिर्भर बनकर अपने क्षेत्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकेंगी।

इस पहल से यह उम्मीद जताई जा रही है कि पंचायत चुनावों में अनावश्यक प्रतिस्पर्धा और मतभेदों में कमी आएगी तथा लोग आपसी सहमति से योग्य और ईमानदार प्रतिनिधियों का चयन करेंगे। इससे न केवल लोकतंत्र की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि पंचायत स्तर पर विकास कार्यों में भी तेजी आएगी।

स्थानीय लोगों ने इस घोषणा का स्वागत करते हुए इसे एक सकारात्मक पहल बताया है। उनका मानना है कि ऐसी योजनाएं गांवों में एकता और सहयोग की भावना को मजबूत करेंगी और विकास कार्यों को नई दिशा प्रदान करेंगी।

कुल मिलाकर, कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में यह योजना एक नई सोच और प्रभावी पहल के रूप में उभरकर सामने आई है, जो पंचायत चुनाव प्रक्रिया को सरल बनाते हुए ग्रामीण विकास को नई गति देने में सहायक सिद्ध होगी।

# लाठियानी में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आगाज, विधायक विवेक शर्मा ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

» प्रथम न्यूज़ । बंगाणा
09 मई ( जोगिंद्र देव आर्य )



उपमंडल बंगाणा के लाठियानी स्थित स्कूल मैदान में शहीद भगत सिंह मेमोरियल क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने किया। प्रतियोगिता में क्षेत्रभर की 32 टीमें भाग ले रही हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में खेलों को लेकर उत्साह का माहौल बना हुआ है। उद्घाटन अवसर पर बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खेल प्रेमी, पंचायत प्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक विवेक शर्मा ने सबसे पहले शहीद-ए-आजम भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने के प्रयासों की जमकर सराहना की। इसके बाद उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का संदेश दिया।

इस दौरान डीएवी स्कूल लाठियानी की अंडर-16 महिला खिलाड़ियों ने वॉलीबॉल, बास्केटबॉल और कबड्डी प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने शुरुआती मुकाबलों में जीत दर्ज कर प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों के बेहतरीन खेल प्रदर्शन पर उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका हौसला बढ़ाया।

अपने संबोधन में विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें उचित मंच और सुविधाएं उपलब्ध करवाने की है। उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह मेमोरियल क्लब पिछले कई वर्षों से युवाओं को खेलों एवं सामाजिक गतिविधियों के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जो अत्यंत सराहनीय कार्य है। विधायक विवेक शर्मा ने बताया कि गत वर्ष क्षेत्र में 15 लाख रुपये की लागत से बास्केटबॉल मैदान निर्माण की घोषणा की गई थी, जिसका कार्य अब पूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए शीघ्र ही एक बड़े नए खेल मैदान का निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए स्थान भी चिन्हित कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त आधुनिक सुविधाओं से युक्त इंडोर स्टेडियम का निर्माण भी करवाया जाएगा, जिसमें खिलाड़ियों के लिए कमरे एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

विधायक विवेक शर्मा ने खिलाड़ियों की रिफ्रेशमेंट हेतु अपनी ओर से 11 हजार रुपये की सहयोग राशि भी प्रदान की तथा भविष्य में हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। वहीं जिला पार्षद सत्या देवी एवं स्थानीय प्रधान महेंद्र सिंह ने भी क्लब को 3100-3100 रुपये की सहयोग राशि भेंट की।

कार्यक्रम के अंत में शहीद भगत सिंह मेमोरियल क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विधायक विवेक शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा प्रतियोगिता में पहुंचने पर उनका आभार व्यक्त किया। पूरे आयोजन के दौरान खेल भावना, अनुशासन और उत्साह का विशेष माहौल देखने को मिला।

इस अवसर पर कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष विवेक मिंका, अनिल ठाकुर, महेंद्र सिंह, सत्या देवी, पिंटू बाबा जी, दलजीत शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# चामुंडा में थ्रो बॉल रेफरी क्लीनिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

» प्रथम न्यूज़ । चामुंडा, कांगड़ा
09 मई ( ब्यूरो )

चामुंडा में आज थ्रोबॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के सौजन्य से आयोजित रेफरी क्लीनिक प्रशिक्षण शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर एनआरआई एवं मानव कल्याण समिति के अध्यक्ष विशाल भारती शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का उद्घाटन किया।



कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से आए खेल प्रशिक्षकों, रेफरियों एवं खेल प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य थ्रो बॉल खेल के नियमों, तकनीकी पहलुओं तथा रेफरी प्रणाली की विस्तृत जानकारी प्रदान करना रहा, ताकि खेल को और अधिक व्यवस्थित एवं पेशेवर स्तर पर आगे बढ़ाया जा सके।

इस प्रशिक्षण शिविर में टेक्निकल बोर्ड के अध्यक्ष नरेंद्र यादव ने प्रतिभागियों को थ्रो बॉल की तकनीकी बारीकियों, रेफरिंग प्रणाली तथा खेल के नवीन नियमों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खेलों में अनुशासन एवं सही निर्णय क्षमता के लिए प्रशिक्षित रेफरियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने प्रतिभागियों को मैच संचालन, फाउल, संकेत प्रणाली एवं खेल के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों के बारे में भी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया।

कार्यक्रम में जोगिंद्र देव आर्य ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में थ्रो बॉल खेल लगातार लोकप्रिय हो रहा है और ऐसे प्रशिक्षण शिविर खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों के कौशल विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी प्रदेश के विभिन्न जिलों में इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जाएंगे।

इस अवसर पर प्रदेश सचिव नरेश कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष बृजेश कुमार, जिला ऊना थ्रो बॉल एसोसिएशन की सचिव सीमा शर्मा, सदस्य मोनिका, शताक्षी, प्रदेश सचिव सुशील कुमार तथा जिला कांगड़ा थ्रो बॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष तनु भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण शिविर को उपयोगी बताते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया। आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम खेल प्रतिभाओं को निखारने और युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने में सहायक सिद्ध होंगे।

# मंडी निकाय चुनाव 2026 : विक्रमादित्य सिंह ने फूंका चुनावी बिगुल

## मंडी के लिए 181 करोड़ की योजनाओं का किया ऐलान

**मंडी ( नरेंद्र भारती )**– हिमाचल में निकाय चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। सभी उम्मीदवार अपना नामांकन भरने में जुट गए हैं। इस बीच शुक्रवार को लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने मंडी में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि हम पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। प्रत्याशियों का सही चयन किया गया। शिक्षित उम्मीदवार उतारे हैं। मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री व प्रदेश प्रभारी भी प्रचार में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि सकारात्मक तरीके से चुनाव लड़ेंगे। नगर निगम में कोई विकास नहीं हुआ। अगर विकास हुआ होता तो भाजपा 11 लोगों के टिकट नहीं काटती। कटाक्ष व विरोध कर चुनाव में नहीं उतरेंगे। मुद्दों की बात होगी। मंडी शहर के विकास के लिए रोड मैप बनाएंगे।



मंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भले सफलता नहीं मिली फिर भी मंडी नगर निगम के लिए 181 करोड़ केंद्र से स्वीकृति करवाए। चुनाव के बाद काम शुरू होंगे। इंदिरा मार्केट में ड्रेनेज सिस्टम सुधरेगा। पंचवक्त्र मंदिर में घाट का निर्माण होगा। बस स्टैंड की हालत सुधारी जाएगी और मंजिल बनेगी। इंडोर स्टेडियम का निर्माण होगा। युवा नशे से बचेंगे।

उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों को पांच-पांच प्राथमिकता तय करने के निर्देश दिए गए हैं। शिव धाम का काम पूरा होगा। 15 करोड़ से शिवधाम तक एलिवेटर लगेगा। भाजपा ने मर्ज क्षेत्र में काम नहीं किया, इससे लोगों को विरोध करना पड़ा। बैहना वार्ड को लेकर लोगों से बात करेंगे। हमारा गेम प्लान तय, भाजपा मुद्दाविहीन है।

# हिमाचल भाजपा में अनुशासनात्मक कार्रवाई

## अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ने पर कई नेताओं की सदस्यता निलंबित

» प्रथम न्यूज़ । शिमला
09 मई ( एएम नाथ )

हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने पंचायत एवं नगर निकाय चुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ने के मामलों पर कड़ा रुख अपनाते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। भाजपा प्रदेश कार्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार पार्टी की अनुशासन समिति ने जिला एवं मंडलों से प्राप्त शिकायतों पर गंभीर विचार-विमर्श करने के बाद इन गतिविधियों को अनुशासनहीनता का गंभीर मामला माना।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने अनुशासन समिति की अनुशंसा के आधार पर नगर निगम धर्मशाला और नगर परिषद नाहन से संबंधित कुछ कार्यकर्ताओं के खिलाफ पार्टी संविधान के अनुसार कार्रवाई करते हुए उनकी प्राथमिक सदस्यता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

नगर निगम धर्मशाला में वार्ड नंबर 2 से पूर्व मेयर ओंकार नेहरिया, वार्ड नंबर 6 से पूर्व डिप्टी मेयर तेजेंद्र कौर, वार्ड नंबर 8 से मंडल सचिव धर्मशाला (शहरी) सरोज गुलेरिया, वार्ड नंबर 14 से बूथ अध्यक्ष मितुल शुक्ला तथा वार्ड नंबर 1 से महिला मोर्चा मंडल सचिव (धर्मशाला शहरी मंडल) हिमांशी अग्रवाल के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इसके अतिरिक्त नगर परिषद नाहन के वार्ड नंबर 3 से लीला सैनी की प्राथमिक सदस्यता भी निलंबित की गई है।

### अनुशासन के साथ कोई समझौता नहीं

भाजपा ने स्पष्ट किया कि पार्टी संगठन और अनुशासन सर्वोपरि है तथा किसी भी स्तर पर अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध कार्य करना स्वीकार नहीं किया जाएगा। पार्टी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है और संगठनात्मक मर्यादा एवं अनुशासन के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

### एकजुट होने का आह्वान

भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी हित और संगठनात्मक निर्णयों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें तथा आगामी पंचायतीराज एवं नगर निकाय चुनावों में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों की विजय सुनिश्चित करने के लिए एकजुट होकर कार्य करें।





# गुजरात टाइटंस की लगातार चौथी जीत

## होम ग्राउंड पर राजस्थान को मिली शर्मनाक हार

गुजरात टाइटंस ने शुभमन गिल और साई सुदर्शन के अर्धशतक के बाद राशिद खान के 4 विकेट के दम पर राजस्थान को 77 रनों से मात दी है। राजस्थान जयपुर में पूरे सीजन संघर्ष करती दिखी है और वे अब तक एक भी मुकाबला नहीं जीत सके हैं। आरआर के लिए मैच में यशस्वी जायसवाल ने कप्तानी की क्योंकि रियान पराग चोट की वजह से मुकाबला नहीं खेल सके।

गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 229 रनों का स्कोर बनाया था और इसके जवाब में राजस्थान 152 रनों पर सिमट गई। इसी के साथ गुजरात ने मैच में 77 रनों से जीत हासिल की।



**शुभमन गिल और साई सुदर्शन की आक्रामक शुरुआत**

मुकाबले में राजस्थान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी, लेकिन गुजरात के प्रारंभिक बल्लेबाजों ने इस फैसले को पूरी तरह गलत साबित कर दिया। कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने शुरुआत से ही आक्रामक अंदाज अपनाते हुए टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने संयम और आक्रामकता का बेहतरीन संतुलन दिखाते हुए राजस्थान के गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा।

गुजरात ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 229 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया और राजस्थान को जीत के लिए 230 रन का कठिन लक्ष्य दिया। साई सुदर्शन ने 30 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 55 रन की अहम पारी खेली। मौजूदा आईपीएल में यह उनका चौथा अर्धशतक रहा। इससे पहले वह पंजाब किंग्स, चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान के विरुद्ध भी अर्धशतकीय पारियां खेल चुके हैं। दूसरी ओर, शुभमन गिल ने कप्तानी पारी खेलते हुए 84 रन बनाए। उन्होंने भी मात्र 30 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। यह इस सीजन में उनका चौथा अर्धशतक रहा।

**सुदर्शन और गिल ने नौवीं बार की शतकीय साझेदारी**

कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 82 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। आईपीएल इतिहास में यह दूसरी बार है, जब गुजरात ने पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 82 रन बनाए हैं। इससे पहले टीम ने 2025 में अहमदाबाद में सनराइजर्स हैदराबाद के विरुद्ध भी ऐसा ही प्रदर्शन किया था। शुभमन गिल और साई सुदर्शन की जोड़ी ने इस मैच में एक और खास उपलब्धि अपने नाम की। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 66 गेंदों में 118 रन की साझेदारी की।

आईपीएल में यह नौवीं बार है जब दोनों ने गुजरात के लिए शतकीय साझेदारी निभाई है। इस मामले में वे अब विराट कोहली और एबी डिविलियर्स की जोड़ी के करीब पहुंच गए हैं, जिन्होंने आरसीबी के लिए 10 बार शतकीय साझेदारी की थी। वहीं, कोहली और क्रिस गेल ने भी आरसीबी के लिए नौ बार यह उपलब्धि हासिल की थी।

**आर्चर के नाम दर्ज हुआ दिलचस्प रिकॉर्ड**

इस मुकाबले में एक दिलचस्प रिकॉर्ड भी देखने को मिला। तेज गेंदबाज जोफ्रा ने पारी का पहला ओवर फेंकते हुए उसे पूरा करने के लिए 11 गेंदों का इस्तेमाल किया। वह आईपीएल में ऐसा करने वाले सातवें गेंदबाज बन गए हैं। उनसे पहले मोहम्मद सिराज, तुषार देशपांडे, शार्दुल ठाकुर, संदीप शर्मा, हार्दिक पांड्या और अर्शदीप सिंह समेत कई गेंदबाज 11 गेंदों का ओवर डाल चुके हैं।

**वैभव सूर्यवंशी ने भी बनाया रिकॉर्ड**

गुजरात के 230 रनों के विशाल स्कोर के सामने वैभव ने अपने चिर-परिचित अंदाज में शुरुआत की। उन्होंने अपनी पारी की पहली बॉल पर ही छक्का लगाया। इसी के सूर्यवंशी ने कायरन पोलार्ड को पीछे छोड़ दिया है। पोलार्ड ने 843 गेंदों पर टी20 क्रिकेट में 100 छक्के लगाए थे और अब सूर्यवंशी ने 514 गेंदों पर ये कारनामा किया। वैभव बड़ी पारी नहीं खेल सके और 16 गेंदों पर 36 रन बनाकर आउट हो गए।

**राशिद खान ने लगाया चौका**

सूर्यवंशी के आउट होने के बाद राजस्थान का लगातार विकेट गिरने का सिलसिला शुरू हो गया। स्पिनर राशिद खान ने कमाल की गेंदबाजी की और राजस्थान को एक ही ओवर में दो झटके दे दिए। राशिद 8वें ओवर में गेंदबाजी करने के लिए आए और तीसरी गेंद पर उन्होंने आक्रामक खेल रहे ध्रुव जुरेल को मैदान से बाहर का रास्ता दिखाया। इसके बाद इस सीजन कमाल की फॉर्म में चल रहे डोनावन फरेरा को भी उसी ओवर में आउट कर दिया। खान यहीं नहीं रूके और उन्होंने गेंदबाजी से चौका लगाया और 4 विकेट हासिल किए।

**राजस्थान का मिडिल ऑर्डर एक बार फिर फ्लॉप**

आरआर के लिए पूरे सीजन सबसे बड़ी समस्या उनका मध्य क्रम रहा है। जीटी के खिलाफ भी उनकी यही परेशानी सामने आई। टीम आक्रामक शुरुआत की लेकिन पहला विकेट गिरते ही टीम बिखर गई। सूर्यवंशी (36), ध्रुव जुरेल (24), शिमरन हेटमायर (6), रवींद्र जडेजा (38) और डोनावन फरेरा (4) रन बनाकर आउट हो गए। इसी के साथ उनका मिडिल ऑर्डर इस मुकाबले मे भी फ्लॉप रहा।

**गुजरात ने जीता मुकाबला**

मैच में गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 229 रनों का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में राजस्थान की टीम 152 रनों पर ऑलआउट हो गई। इसी के साथ गुजरात ने 77 रनों से जीत हासिल की है। गुजरात की ये सीजन की 7वीं जीत है और जीटी ने टॉप-4 में एंट्री मार ली है। गुजरात ने अंक तालिका में पंजाब और बेंगलुरु को पीछे छोड़ते हुए दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।



# पंजाब किंग्स के गेंदबाज पर क्यों फूटा पूर्व स्पिनर का गुस्सा? सलाखों के पीछे भेजने की कह दी बात

पूर्व भारतीय स्पिनर लक्ष्मण शिवरामाकृष्णा ने पंजाब किंग्स के गेंदबाज युजवेंद्र चहल पर तीखा हमला किया है। शिवरामाकृष्णा का कहना है कि चहल को सलाखों के पीछे होना चाहिए। शिवरामाकृष्णा का बयान ऐसे समय सामने आया है जब हाल ही में सोशल मीडिया पर चहल का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वह फ्लाइट के अंदर वेपिंग का इस्तेमाल करते दिख रहे थे।

**सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था वीडियो**


कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने अर्शदीप सिंह के व्लॉग की क्लिप और स्क्रीनशॉट शेयर किया था जिसमें दावा किया गया था कि चहल ने फ्लाइट में वेपिंग की है। यह वीडियो तब का बताया जा रहा है जब पंजाब किंग्स की टीम अहमदाबाद से हैदराबाद की यात्रा कर रही थी। सोशल मीडिया यूजर्स ने यह भी दावा किया था कि व्लॉग के ओरिजिनल वीडियो को बाद में एडिट कर दिया गया। अमर उजाला इस वीडियो के सत्यापन की पुष्टि नहीं करता है।

इस मामले पर अब शिवरामाकृष्णा ने एक्स पर लिखा, भारत में वेप प्रतिबंधित है। ऐसे व्यक्ति को जेल में डाल देना चाहिए। कानून बनाने का क्या फायदा जब उन्हें लागू ही न किया जाए? मैच फीस का 25त्न तो मामूली रकम है। अगर किसी आम आदमी ने ऐसा किया होता, तो क्या कार्रवाई होती?

**बीसीसीआई ने दिखाई सख्ती**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने यह मामला सामने आने के बाद सख्ती दिखाई है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि बोर्ड ने पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को व्लॉगिंग बंद करने के निर्देश दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह कदम कथित तौर पर युजवेंद्र चहल से जुड़े वेपिंग विवाद के बाद उठाया गया है। आईपीएल के मौजूदा सीजन में वेपिंग से जुड़ा यह दूसरा विवाद है। इससे पहले रियान पराग पर न्यू चंडीगढ़ में पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले के दौरान ड्रेसिंग रूम में वेपिंग करने का आरोप लगा था।





# इंटरनेशनल नर्सिंग वीक - नर्सिंग विभाग द्वारा कॉलेज ऑफ नर्सिंग के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय नर्स सप्ताह मनाया जाएगा

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़

09 मई ( मुकेश डोलिया )

जीएमसीएच 32 के नर्सिंग विभाग द्वारा कॉलेज ऑफ नर्सिंग के सहयोग से 6 मई से 12 मई 2026 तक अंतरराष्ट्रीय नर्स सप्ताह मनाया जा रहा है। यह आयोजन आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक Florence Nightingale की जयंती को समर्पित है, जिनका जन्म 12 मई 1820 को हुआ था। कार्यक्रम का शुभारंभ 6 मई को पारंपरिक दीप प्रज्वलन समारोह के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं जीएमसीएच-32 की निदेशक प्राचार्य प्रो. रवनीत कौर बेदी ने नर्सों की स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।



इस वर्ष की विषय-वस्तु हमारी नर्सें, हमारा भविष्य सशक्त नर्सें बचाती हैं जीवन रखी गई है। इसका उद्देश्य यह संदेश देना है कि ज्ञान, नेतृत्व, आत्मविश्वास और व्यावसायिक सहयोग से सशक्त नर्सें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर मरीजों का जीवन बचाने में अहम भूमिका निभाती हैं। मुख्य अतिथि ने नर्सिंग स्टाफ की समर्पित सेवाओं की सराहना करते हुए शिक्षा, कौशल विकास, सामूहिक कार्य और व्यावसायिक सम्मान को बढ़ावा देने पर जोर दिया। नर्स सप्ताह के दौरान सहायता केंद्र, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, कविता प्रतियोगिता और सतत नर्सिंग शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

7 मई को करुणा थकान ़ नर्सिंग देखभाल में एक छिपी चुनौती विषय पर विशेष सतत नर्सिंग शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया। नर्सिंग अधीक्षक अमन वीर कौर ने बताया कि अत्यधिक कार्यभार और तनाव के कारण बड़ी संख्या में नर्सें करुणा थकान से प्रभावित हो रही हैं। विशेषज्ञों ने नर्सों को आत्म-देखभाल, अनुशासित जीवनशैली और 6 'सी' - देखभाल, करुणा, दक्षता, प्रतिबद्धता, साहस एवं संवाद - अपनाने की सलाह दी।

# मेयर सौरभ जोशी ने सेक्टर-15 में सड़क री-कारपेटिंग परियोजना का किया शुभारंभ

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़

09 मई ( पुनीत महाजन )

करोड़ की लागत से सड़कों का होगा व्यापक नवीनीकरण, यातायात होगा अधिक सुरक्षित और सुगम शहर की शहरी आधारभूत संरचना को मजबूत करने और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शहर के मेयर श्री सौरभ जोशी ने आज सेक्टर-15, चंडीगढ़ में सड़कों की री-कारपेटिंग परियोजना का विधिवत शुभारंभ किया।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत सेक्टर की सभी वी-4, वी-5 और वी-6 श्रेणी की सड़कों का व्यापक री-कारपेटिंग कार्य किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र के निवासियों, यात्रियों और आगंतुकों को अधिक सुगम, सुरक्षित और आरामदायक आवागमन सुविधा प्रदान करना है।



इस संबंध में जानकारी साझा करते हुए मेयर ने बताया कि परियोजना के अंतर्गत लगभग 37 किलोमीटर (12 फीट समकक्ष) लंबाई की सड़कों का विकास कार्य करीब ?5 करोड़ की अनुमानित लागत से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्य को चरणबद्ध और व्यवस्थित तरीके से पूरा किया जाएगा तथा पूरी परियोजना को दो माह के भीतर समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। मेयर ने कहा कि नगर निगम चंडीगढ़ शहर की आधारभूत सुविधाओं को आधुनिक बनाने और नागरिकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अच्छी और मजबूत सड़कें न केवल यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाती हैं, बल्कि शहर के समग्र शहरी वातावरण को भी बेहतर करती हैं।

उन्होंने आश्वासन दिया कि नगर निगम चंडीगढ़ गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्ध कार्य प्रणाली को प्राथमिकता देते हुए शहर के सभी सेक्टरों में विकास कार्य लगातार जारी रखेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि नागरिकों को बेहतर सार्वजनिक सुविधाएं, स्वच्छ वातावरण और उन्नत आधारभूत ढांचा उपलब्ध कराने के लिए निगम निरंतर कार्य कर रहा है।

सेक्टर-15 के निवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि इस परियोजना से क्षेत्र की सड़क व्यवस्था में दीर्घकालिक सुधार होगा और आवागमन अधिक सुविधाजनक बनेगा।

# हैप्पी चैम्पस प्री स्कूल, खरड़ ने उत्साह के साथ मातृ दिवस मनाया

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़

09 मई ( पुनीत महाजन )

दशहरा ग्राउंड के पास आर्य कॉलेज रोड पे स्थित हैप्पी चैम्प्स प्री स्कूल में आज मातृ दिवस का भव्य आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में माताएं कार्यक्रम में शामिल हुईं और अपने बच्चों के साथ विभिन्न प्रस्तुतियों का आनंद लिया।




कार्यक्रम में रैंप वॉक, भजन, नृत्य, गायन और कविता पाठ शामिल थे, जो बच्चों और माताओं दोनों की रचनात्मकता और खुशी को प्रदर्शित करते थे। माताओं के लिए मनोरंजक खेल भी आयोजित किए गए थे, जिनमें उन्होंने बड़े उत्साह से भाग लिया। प्रस्तुतियों में माताओं के त्याग, देखभाल और प्रेम जैसे गुणों को उजागर किया गया। माताओं के लिए मनोरंजक खेल भी आयोजित किए गए थे, जिनमें उन्होंने बड़े उत्साह से भाग लिया। प्रस्तुतियों में माताओं के त्याग, देखभाल और प्रेम जैसे गुणों को दर्शाया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सुनैना चड्ढा ने सभी माताओं को सम्मानित किया और उन्हें प्रशंसा के प्रतीक के रूप में उपहार भेंट किए। इस उत्सव ने एक सुखद और यादगार माहौल बनाया, जिसमें बच्चों के जीवन में माताओं की भूमिका का सम्मान किया गया।




# सेक्टर 35-ए में सड़क री-कारपेटिंग कार्य का शुभारंभ, क्षेत्रवासियों को मिलेगी बड़ी राहत

**चंडीगढ़ ( पुनीत महाजन )** - वार्ड नंबर-23 की पार्षद प्रेम लता ने क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देते हुए आज शाम सेक्टर 35-ए में पुरानी और जर्जर सड़कों की री-कारपेटिंग (रिकारपेटिंग) कार्य का शुभारंभ किया।

इन सड़कों का निर्माण लगभग पांच वर्ष पूर्व हुआ था, लेकिन समय के साथ सड़कें काफी खस्ताहाल हो चुकी थीं, जिससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय निवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को प्राथमिकता देते हुए पार्षद प्रेम लता ने इस महत्वपूर्ण विकास कार्य को शुरू करवाया। इस अवसर पर एसडीओ अमन कुमार, जेई जगतार सिंह तथा सेक्टर-35 फूल मार्केट के प्रमुख सदस्य राजेश कुमार, धीरज, विजय कुमार और सुदामा बीट्टू सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर खुशी जताते हुए पार्षद प्रेम लता का आभार व्यक्त किया। क्षेत्रवासियों ने कहा कि सड़क की री-कारपेटिंग से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र की सुंदरता और सुविधाओं में भी बढ़ोतरी होगी। पार्षद प्रेम लता ने कहा कि वार्ड के विकास और लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आगे भी विभिन्न विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर जारी रहेंगे।



# महाराणा प्रताप जयंती पर सेक्टर-25 स्थित महाराणा प्रताप हॉस्टल में आयोजित हुआ श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि समारोह

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़

09 मई ( पुनीत महाजन )

महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर सेक्टर-25 स्थित महाराणा प्रताप हॉस्टल, चंडीगढ़ में एक गरिमामयी पुष्पांजलि समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों एवं विद्यार्थियों ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को श्रद्धा एवं सम्मान के साथ पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।



इस अवसर पर विक्रम सिंह राणा, नरेंद्र चौहान, दविंदर राणा, ए.डी. राजपूत, जैमल ठाकुर, तेज भान राणा, चंद्रशेखर भारद्वाज, प्रिंस राणा, निखिल राणा, कपिल राणा, अमित राणा सहित महाराणा प्रताप हॉस्टल के छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान एवं त्यागपूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता विक्रम सिंह राणा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, संघर्ष और देशभक्ति के प्रतीक थे। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे महाराणा प्रताप के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहें।

उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी महाराणा प्रताप ने कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनका जीवन आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

कार्यक्रम का वातावरण देशभक्ति और गौरव की भावना से ओत-प्रोत रहा। अंत में उपस्थित सभी लोगों ने महाराणा प्रताप के बताए मार्ग पर चलने तथा समाज में एकता, साहस और राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया।



# धूप से पैरों पर आ गए चप्पल के निशान तो घरेलू उपाय कारगर होंगे



## शहनाज़ हुसैन

**गर्मियों की धूप में सैंडल या चप्पल पहनकर निकलना आम बात है। गर्मियों में चप्पल पहनने से स्किन खुली रहती है जो की सीधे धूप के सम्पर्क में आती है। तेज धूप से स्किन का रंग झुलसने लगता है और पैरों का जो हिस्सा खुला रहता है बह काला हो जाता है जबकि चप्पल की पटी बाली जगह साफ़ नज़र आने लगती है और पैरों पर चप्पल का डिज़ाइन दिखने लगता है। गर्मी में धूल भरी आंधी , मिट्टी और पसीने की बजह से हमारे पैरों का रंग काला पड़ जाता है जैसे कई दिनों से पैरों को साफ़ ही न किया गया हो और पैरों पर भारी मैल जमी हो ज्यादातर महिलाएं महंगे सैलून्स में जाकर पेडिक्योर का सहारा लेती हैं लेकिन कुछ दिन बाद ही स्थिति बापिस वैसी ही हो जाती है। अगर आपके पैरों की भी यही हालत है , तो आप घरेलू उपायों की मदद से गर्मियों के इस मौसम में अपने पैरों को सुंदर और नरम बनाये रख सकते हैं।**

### स्क्रबिंग

पैरों की गंदगी को साफ करने के लिए स्क्रबिंग का इस्तेमाल एक बेहतर बिकल्प माना जाता है। पैरों की टैनिंग हटाने के लिए टूटपेस्ट, सोडा और नींबू का पैक काफी मददगार साबित होता है ।

बेकिंग सोडा और नींबू त्वचा के एक्सफोलिएट करने में मदद करेगा। नींबू में मौजूद विटामिन सी त्वचा पर हाइपरपिग्मेंटेग्मेंटेशन की समस्या को दूर करने में

मदद करता है । कांच की कटोरी में टूटपेस्ट लें। इस पेस्ट में एक चम्मच बेकिंग सोडा और आधा नींबू का रस मिलाएं। इन तीनों चीजों को अच्छी तरह से मिक्स कर लें और ब्रश

की मदद से इसे पूरे पैरों पर लगाएं। अब नींबू के छिलके से पैरों को कुछ देर स्क्रब करें। कुछ देर तक इस पेस्ट को पैरों पर लगा रहने दें और फिर पैरों को पानी से साफ़ कर लें तथा सूखने दें। इस पैक को हफ्ते में दो बार लगाने से पूरी तरह से टैनिंग से छुटकारा पाया जा सकता। पैरों को स्क्रब करने के लिए आप कॉफी और शहद को मिलाकर देसी स्क्रब बना सकते हैं। इससे पैर साफ भी होंगे और त्वचा नरम भी रहेगी।

### नींबू और खीरा



खीरे को कद्दूकश या ब्लेंड करके रस निकाल लें । इसमें कुछ बूंदे नींबू रस मिलाकर अच्छी तरह मिश्रण बना लें । इस मिश्रण को कॉटन बॉल की मदद से पैरों की टैनिंग की जगह पर लगा कर लगभग 15 मिनट बाद ताजे साफ़ पानी से धो डालें। बेहतर परिणाम के लिए इसे हफ्ते में तीन दिन तक प्रयोग कर सकते हैं

### मास्क

एक मध्यम आकार के आलू का रस निकाल कर इसमें एक बड़ा चमच्च दही मिला लें

दही में मौजूद लैक्टिक एसिड डेड स्किन को हटाने में मदद करता है । इसमें एक छोटा चमच्च बेसन मिला लें जिससे पेस्ट गाड़ा हो जायेगा । इसमें एक चमच्च नींबू का रस और आधा चमच्च शहद मिला लें । नींबू का रस त्वचा की रंगत निखारने में मदद करेगा जबकि शहद त्वचा को हाइड्रेट करने में मदद करेगा ।

अब आप पैरों को अच्छी तरह धो लें और सूखने दें । पैरों के अच्छी तरह सुख जाने के बाद इस मास्क को पुरे पैरों में लगा कर आधा घण्टा बाद हलके हल्के रगड़ते हुए हटा लें ।

इससे डेड स्किन हट जाएगी । अब पैरों को पानी से धो लें और मॉइस्चराइजर लगा लें ।

इसे आप हफ्ते में दो या तीन बार प्रयोग में ला सकते हैं।



### बेसन और दही

दही और बेसन को एक साथ अच्छे से मिलाकर पैरों पर 30 मिनट लगाए रखें और फिर पैर धो लें। दही पैरों को मॉइश्चराज करेगा और बेसन टैनिंग को हटाने में असरदार साबित होगा । इसमें ज्यादा बेहतर परिणाम के लिए नींबू का रस भी मिला सकते हैं।



### टैन रिमूविंग पेस्ट

सबसे पहले एक कटोरी में गर्म पानी लें। इसके बाद इसमें इनो पाउडर डालें, फिर 1 चम्मच नींबू का जूस डालें।

इसमें नारियल का तेल, शैंपू की कुछ बूंदें, 1 चम्मच कॉफी पाउडर और 2 चम्मच आटा डालकर मिक्स कर लें। जब अच्छे से पेस्ट बनकर तैयार हो जाए तो उसे टैनिंग वाले एरिया पर 10 मिनट तक रगड़ें ।

### मॉइस्चराइजर

आपके पैर रोजाना धूल.मिट्टी, धूप और कई प्रकार की गंदगी के संपर्क में आते हैं।

इसलिए रोजाना बाहर से आकर शाम के समय अपने पैरों को गुनगुने पानी में अच्छे से धोएं और फिर साफ तौलिए के साथ उन्हें हल्के.हल्के पौंछ लें। पैरों को धोने के बाद सबसे ज्यादा जरूरी है कि आप उन्हें मॉइस्चराइज जरूर करें। हमेशा रात को सोने से पहले अपने पैरों को किसी अच्छी गुणबत्ता की मॉइस्चराइजर क्रीम से मॉइस्चराइज्ड करना बिल्कुल न भूलें। ये पैरों को नरम और मुलायम बनाता है ।

### संतरा और कच्चा दूध

दो बड़े चम्मच संतरे के छिलके का पाउडर लें ले और इसमें 3 चम्मच कच्चा दूध मिलाकर कर पेस्ट बनाएं । इस पेस्ट को आप पैरों पर अप्लाई करें और करीब 30 मिनट बार पैरों को धो लें। संतरे के छीलके में बारीक कण होते हैं जिनके इस्तेमाल से पैरों से टैनिंग निकलने लगती है। संतरे में विटामिन.सी होने के साथ स्किन व्हाइटनिंग गुण होते हैं, जो त्वचा को निखारने में मदद करते हैं । इसमें एक चम्मच चावल का आटा भी मिला लें।

2 चम्मच चावल के आटे में 2 चम्मच कच्चा दूध और थोड़ा सा शहद मिलाएं। इस पेस्ट को पाँव पर लगाने से टैनिंग को दूर करने में मदद मिलेगी ।

*लेखिका अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौन्दर्य विशेषज्ञ है और हर्बल क्वीन के रूप में लोकप्रिय है*



# शरीर पर गर्मी से जमा मैल निकाल देगा दानेदार नुस्खा, खुशबू से मेहक उठेगा अंग और साफ हो जाएगी त्वचा

हम चाहे कितने ही तरह के साबुन और शावर जेल का इस्तेमाल कर लें, लेकिन गर्मियों में पसीने की वजह से स्किन चिपचिपी और मैली ही नजर आती है। ऐसे में ना ही भर-भरकर परफ्यूम लगाने का कोई फायदा है और न ही ये केमिकल वाले बॉडी डर्ट क्लीनिंग प्रोडक्ट का इस्तेमाल करने का।

इसलिए आज हम आपको इस लेख में एक ऐसा दानेदार नेचुरल नुस्खा बताने वाले हैं जो आपके शरीर से सारी गंदगी साफ करने के साथ-साथ त्वचा को महकाने का भी काम करेगा। इस नुस्खे के और भी कई फायदे हैं, लेकिन आइए पहले हम इसे बनाने का तरीका जानते हैं।

### दरदरा नुस्खा बनाने के लिए क्या चाहिए?

-बारीक पिसा हुआ ओट्स- 3 चम्मच
-नारियल का बूरा- 3 चम्मच
-शहद- 2 चम्मच
-रोज ऑयल- 3-4 बूंद
-कॉफी पाउडर- 1 चम्मच
-ऐसे तैयार करें नुस्खा

सबसे पहले एक कटोरी लें और उसमें बारीक पिसा ओट्स और नारियल का बूरा डाल दें।

अब इसमें शहद, रोज ऑयल और कॉफी पाउडर डालकर अच्छे से मिक्स कर लें।

जब भी आप नहाने जाने तो इस मिक्सचर को साथ ले जाएं और साबुन करने के बाद इस होममेड स्क्रब से बॉडी पर हल्के हाथ से सफाई करना शुरू कर दें।

5 मिनट तक करने के बाद आप खुद को पानी से साफ कर लें और फिर आखिर में पूरे शरीर पर नॉन-स्टिकी मॉइश्चराइजर लगा लें।

हर दूसरे दिन इस नुस्खे का इस्तेमाल करने से आपकी स्किन साफ और चमकदार नजर आने लगेगी।

### घर पर बने स्क्रब के फायदे

इस दरदरे नुस्खे को बनाने के लिए हमने नारियल के बुरादे का इस्तेमाल किया है जो पोर्स से गंदगी साफ करने के बाद स्किन को ड्राई होने से बचाएगा। हाथ ही रोज ऑयल आपके बदन को महकाने का काम करेगा। घर पर बने नुस्खा नेचुरल होता है इसलिए आपकी स्किन कोई नुकसान होने की संभावना भी कम हो जाती है।



# जंक फूड्स देखते ही टपकने लगती है लार ?

## ट्राई करें न्यूट्रिशनिस्ट की बताई टिप्स, हाथ भी नहीं लगाएगा बच्चा

जंक फूड खासकर बच्चों को बहुत आकर्षित करता है। इसकी चटकीली पैकेजिंग, लुभावने विज्ञापन और मीठे या नमकीन स्वाद की त्वरित संतुष्टि इसे कई घरों की नियमित आदत बना देती है। लेकिन इसके स्वाद और सुविधा के पीछे छिपा है एक गंभीर खतरा। जंक फूड का अधिक सेवन मोटापा, मानसिक स्वास्थ्य की गिरावट और पोषण की कमी जैसी समस्याओं का कारण बन सकता है। इसलिए आज हम आपको मुंबई के नारायणा हेल्थ एसआरसीसी चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल के क्लिनिकल न्यूट्रिशन और डायटेटिक्स में डिप्टी मैनेजर न्यूट्रिशनिस्ट दिव्या आरचेकर की बताई ऐसी कुछ टिप्स के बारे में बताने वाले हैं जो बच्चों में जंक फूड खाने की आदत को छुड़ाने में आपकी हेल्प कर सकती हैं।



### बच्चा बार-बार जंक फूड क्यों मांगता है?

मैग्नीशियम की कमी से चॉकलेट की चाह बढ़ सकती है, क्योंकि कोको में यह मिनरल भरपूर होता है। एनर्जाइजर रहने और मूड को अच्छा रखने के लिए मैग्नीशियम जरूरी होता है। इसकी कमी को अक्सर चॉकलेट खाने की इच्छा से जोड़कर देखा जाता है, क्योंकि चॉकलेट में मैग्नीशियम बहुत ज्यादा होता है।

सोडियम की कमी से नमकीन चीजों जैसे चिप्स या फ्राइज़ की इच्छा हो सकती है। सोडियम शरीर में तरल पदार्थों के संतुलन एवं तंत्रिका (नर्व्स) के कार्यों के लिये आवश्यक होता है। इसकी कमी के कारण चिप्स या फ्राइज़ जैसी नमकीन चीजें खाने की इच्छा हो सकती है।

क्रोमियम की कमी से मीठा खाने की तीव्र इच्छा हो सकती है क्योंकि यह ब्लड शुगर संचालन में मदद करता है। क्रोमियम की कमी से ब्लड शुगर की नियमितता पर असर होता है। इसे मीठी चीजें खाने की इच्छा से जोड़कर देखा जाता है। यह इच्छा अक्सर मीठे जंक फूड्स से ही पूरी हो पाती है।

**विटामिन B6 :** विटामिन B6 की कमी से ऊर्जा की कमी और अवसाद आ सकता है, जिससे मीठा खाने का मन करता है। विटामिन बी6 की कमी से अवसाद (डिप्रेशन) और ऊर्जा में कमी हो सकती है। ऐसे में तुरंत ऊर्जा पाने के लिये मीठा खाने की इच्छा हो सकती है। जिंक, विटामिन D और नाइट्रोजन कार्बोहाइड्रेट न की कमी से पास्ता, पिज्जा जैसे से भरपूर खाद्य पदार्थों की लालसा हो सकती है। जिंक, विटामिन डी और नाइट्रोजन की कमी से कार्बोहाइड्रेट वाली चीजें खाने की इच्छा हो सकती है।

### जंक फूड की इच्छा कैसे कम करें?

बच्चों को हेल्दी खाने की आदत सिखाने के लिए माता-पिता को खुद भी वही आदतें अपनानी चाहिए।

बच्चों को संतुलित आहार के फायदे समझाएं और उन्हें मील प्लानिंग में शामिल करें।

फलों, नट्स और घर में बने हेल्दी स्नैक्स को आसानी से उपलब्ध कराएं। जंक फूड के बजाए सेहतमंद विकल्प चुने। बच्चों को पसंद आने वाली चीजें हमेशा तैयार रहें।

घर में जंक फूड कम रखें, लेकिन समय-समय पर थोड़ा देना भी ज़रूरी है ताकि बच्चा विद्रोही न हो।

खाने को रंग-बिरंगी और मजेदार बनाएं, जैसे रोटियों को अलग-अलग शेप में काटें या सब्जियों की प्यूरी मिलाएं।

बच्चों को खेलकूद और पर्याप्त नींद के लिए प्रेरित करें।

### जंक फूड्स के लिए हेल्दी विकल्प क्या हैं?

चिप्स के बजाए बेक्ड वेजिटेबल चिप्स को अपनाया जा सकता है, जैसे कि शकरकंद, अरबी या दूसरे रोस?टेड स्नैक्स, जैसे कि मखाना, ज्वार पफ्स, राजगीर पफ्स, खाखरा, प्रोटीन थिंग्स (इनमें फैट और कैलोरी कम होती हैं और यह ज्यादा फाइबर देते हैं)।

कैंडी के बजाए फल (ताजे या सूखे) या डार्क चॉकलेट (70% या ज्यादा कोकोआ वाली) को अपनाया जा सकता है।

# समय पर टीका, स्वस्थ जीवन का वादा -सेहत सही, लाभ कई



**स्मार्ट संस्था के संयुक्त तत्वावधान में सेहत सही लाभ कई सेहत श्रृंखला के अंतर्गत सलाम नमस्ते सामुदायिक रेडियो द्वारा विश्व टीकाकरण सप्ताह के अवसर पर आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए उपलब्ध निःशुल्क टीकाकरण सुविधाओं के बारे में समुदाय में जागरूकता अभियान चलाया गया**

बहलोल आवर ग्राम के आंगनवाड़ी केंद्र में निःशुल्क टीकाकरण शिविर लगाया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आशा जी ने आंगनवाड़ी केंद्रों पर मिलने वाली टीकाकरण सुविधाएं सामुदायिक रेडियो द्वारा साँझा जी



### 1. नवजात से 5 वर्ष तक के बच्चों के लिए

- BCG– क्षय रोग से बचाव
- OPV / IPV– पोलियो से बचाव
- Hepatitis B – हेपेटाइटिस बी से बचाव
- DPT– डिप्थीरिया, पर्टुसिस, टेटनस से बचाव
- Measles / MR– खसरा, रूबेला से बचाव
- Pentavalent– 5 बीमारियों से एक साथ बचाव
- Vitamin A– कुपोषण और संक्रमण से बचाव

### 2. गर्भवती महिलाओं के लिए

- TT / Td टीका - टेटनस से माँ और नवजात की सुरक्षा

### 3. अन्य सेवाएं

- टीकाकरण तिथि की जानकारी और अनुस्मारक
- टीकाकरण कार्ड बनवाना और अपडेट करना
- स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा काउंसलिंग टीके के लाभ, दुष्प्रभाव और देखभाल
- स्थानीय आंगनवाड़ी में उपलब्ध सेवाओं के लिए अपने नजदीकी ASHA/ANM से संपर्क करने की सलाह सामुदायिक रेडियो द्वारा समुदाय को दी गयी।
- आंगनवाड़ी ही गाँव-गली की पहली स्वास्थ्य चौकी है। यहाँ हर बच्चा और हर माँ को मुफ्त, सुरक्षित और समय पर टीका मिलता है। 'सेहत सही, लाभ कई' का संदेश यही है कि टीका लगवाना सिर्फ सरकारी योजना नहीं, बल्कि परिवार की सुरक्षा है।
- इस अभियान के तहत जन आरोग्य मंदिर स्थानीय श्रेत्रिय आवास एवं कम्पोजिट स्कूलों के शिक्षकों और छात्रों को भी जोड़ा गया।
- ग्राम मकनपुर के पी एच सी ( आरोग्य मंदिर ) की स्वास्थ्य अधिकारी डाक्टर स्मृति शर्मा ने नवजात शिशु के लिए जरूरी टीकाकरण के बारे में बताया नवजात शिशु का इम्यून सिस्टम कमजोर होता है। जन्म के समय और पहले साल में लगने वाले टीके उसे 10+ गंभीर बीमारियों से बचाते हैं। ये सभी टीके सरकारी अस्पताल, CHC, PHC और आंगनवाड़ी केंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध हैं।


### जन्म के समय [0 घंटे से 15 दिन के भीतर]

1. BCG – टीबी [क्षय रोग] से बचाव
2. OPV-0 – पोलियो का पहला डोज़
3. Hepatitis B - Birth Dose – हेपेटाइटिस बी से बचाव

### महत्वपूर्ण बातें

1. टीकाकरण कार्ड जरूर बनवाएं और हर डोज़ पर एंट्री करवाएं।
2. समय पर टीका m = सबसे ज्यादा सुरक्षा। 1-2 हफ्ते का अंतर चल सकता है, लेकिन ज्यादा देरी न करें।
3. हल्का बुखार/सूजन सामान्य है। अगर तेज बुखार या रिएक्शन हो तो नजदीकी PHC/आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क करें।
4. आंगनवाड़ी में सुविधा : सभी ऊपर दिए गए टीके आंगनवाड़ी केंद्रों पर मुफ्त मिलते हैं। ASHA/ANM आपको तारीख याद दिलाती हैं।

- समय पर टीका, स्वस्थ जीवन का वादा एक टीका, हजार बीमारियों से बचाव सलाम नमस्ते सामुदायिक रेडियो सेहत सही, लाभ कई, के तहत समुदाय को स्वास्थ्य साक्षरता से सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।





# पश्चिम बंगाल में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

## सुवेंदु अधिकारी को दी बधाई, बोले- आज का दिन ऐतिहासिक

**चंडीगढ़, 9 मई ( मुकेश डोलिया )** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी शनिवार को पश्चिम बंगाल में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने पश्चिम बंगाल के नवनियुक्त मुख्यमंत्री श्री सुवेंदु अधिकारी व बंगाल की जनता को बधाई दी।



मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक दिन है और यह जीत वर्ष 2047 के विकसित भारत के संकल्प की जीत है। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की ऐतिहासिक धरा पश्चिम बंगाल देश को नई दिशा देने का कार्य करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नई सरकार प्रदेश के विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने विकास, राष्ट्रहित और सुशासन के पक्ष में अपना समर्थन दिया है। केंद्र और राज्य मिलकर विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेंगे।

# प्रदेशभर में मनाया जाएगा 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व-1000 वर्ष की अखंड आस्था' कार्यक्रम

## कुरुक्षेत्र में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़

09 मई ( मुकेश डोलिया )

हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेशभर में 11 मई 2026 को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व-1000 वर्ष की अखंड आस्था कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन भारत की सनातन संस्कृति, आस्था, स्वाभिमान और गौरवशाली इतिहास को समर्पित होगा। राज्य के सभी जिलों में आयोजित होने वाले इस विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

कार्यक्रम का उद्देश्य देश की सांस्कृतिक विरासत, सनातन परंपराओं तथा सोमनाथ मंदिर के गौरवशाली इतिहास से नई पीढ़ी को जोड़ना है। यह पर्व भारत की उस अदम्य आस्था और आत्मसम्मान का प्रतीक है, जिसने अनेक चुनौतियों के बावजूद अपनी सांस्कृतिक चेतना को सदैव जीवित रखा।

कार्यक्रम के तहत कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, नूंह में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री राव इंद्रजीत सिंह, फरीदाबाद में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कृष्णपाल गुर्जर, करनाल में विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविंद्र कल्याण, जींद में विधानसभा के उपाध्यक्ष



डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा, अंबाला में ऊर्जा मंत्री श्री अनिल विज, सोनीपत में विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार और गुरुग्राम में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री श्री राव नरबीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसी प्रकार, पानीपत में शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा, पंचकूला में राजस्व मंत्री श्री विपुल गोयल, रोहतक में सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा, यमुनानगर में कृषि मंत्री श्री श्याम सिंह राणा, सिरसा में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री रणबीर सिंह गंगवा, हिसार में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री कृष्ण कुमार बेदी, भिवानी में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी, महेंद्रगढ़ में स्वास्थ्य मंत्री सुश्री आरती सिंह राव, पलवल में खेल मंत्री श्री गौरव गौतम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

इसके अलावा, चरखी दादरी में सांसद श्री धर्मबीर सिंह, कैथल में सांसद श्री नवीन जिंदल, हांसी में सांसद श्री सुभाष बराला, झज्जर में सांसद श्री संजय भाटिया, फतेहाबाद में सांसद श्री कार्तिकेय शर्मा और रेवाड़ी में सांसद श्रीमती रेखा शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी।

इसके अतिरिक्त कार्यक्रमों में विभिन्न क्षेत्रों के विधायक, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी भाग लेंगे।

# रत्न सिंह बने एपीएस बंगाणा की पीटीए कमेटी के प्रधान

**बंगाणा, ( जोगिंद्र देव आर्य ):** आर्य पब्लिक स्कूल में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और अनुशासन व्यवस्था को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस अवसर पर सर्वसम्मति से अभिभावक-शिक्षक संघ (पीटीए) समिति का गठन किया गया। समिति गठन के दौरान रतन सिंह को प्रधान, सुरेष्टा को उपप्रधान तथा नरेश कुमार को सचिव चुना गया। वहीं प्रियंका, शिवानी, कंचन, सीमा कुमारी, उषा देवी, शालू, आशा देवी, अनीता, शिवाली, सोनी एवं मोनिका रानी को समिति का सदस्य बनाया गया।




विद्यालय प्रबंधन ने नवगठित समिति को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि अभिभावकों और शिक्षकों के आपसी सहयोग से विद्यालय शिक्षा, अनुशासन एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। बैठक में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, बेहतर शैक्षणिक वातावरण तथा नैतिक मूल्यों को मजबूत बनाने पर भी विशेष रूप से चर्चा की गई। विद्यालय परिवार ने बैठक में उपस्थित सभी अभिभावकों का सहयोग एवं सहभागिता के लिए आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक जोगिंद्र देव आर्य, इंदु वाला, स्कूल की मुख्याध्यापिका सीमा शर्मा, ममता ठाकुर, सीमा निरंकारी, तृप्ता ठाकुर, अंजना, निशा शर्मा, सोनिया संधू, चेतना सोनी, रीना, सपना धीमान, पूजा शर्मा समेत अन्य अध्यापकगण व अभिभावकगण मौजूद रहे।

# मैक्स अस्पताल में 39 वर्षीय महिला की चार कटी हुई उंगलियों का हुआ सफल प्रत्यारोपण

» प्रथम न्यूज । मोहाली

09 मई ( जगमीत घुम्मन )

मैक्स अस्पताल, मोहाली के डॉक्टरों ने एक दर्दनाक दुर्घटना में मोरिंडा की रहने वाली 39 वर्षीय महिला की कटी हुई चार उंगलियों का सफलतापूर्वक प्रत्यारोपण किया।

सुरिंदरपाल कौर को तेज धार वाले औजार से काम करते समय हाथ में गंभीर चोट लगने के कारण मैक्स अस्पताल लाया गया था। उनके दाहिने हाथ के अंगूठे समेत इंडेक्स , मिडिल और रिंग उंगलियां पूरी तरह से कट गई थीं, साथ ही भारी रक्तस्राव और हड्डी, मांसपेशियों और नसें भी दिखाई दे रही थीं। चोट की गंभीरता को देखते हुए, मैक्स आपातकालीन टीम ने मरीज की हालत स्थिर करने और कटे हुए हिस्सों को सुरक्षित रखने के लिए तुरंत कार्रवाई की। एसोसिएट डायरेक्टर-प्लास्टिक सर्जरी डॉ ऋषि धवन के नेतृत्व में एक मल्टीडिसीप्लिनरी सर्जिकल टीम ने उंगलियों का प्रत्यारोपण करने का निर्णय लिया।

सर्जरी में उन्नत माइक्रोसर्जिकल तकनीकों का उपयोग करके हड्डियों, नसों, नर्व और रक्त वाहिकाओं को फिर से जोड़ा गया ताकि उंगलियों में रक्त प्रवाह और कार्यक्षमता बहाल हो सके।

डॉ धवन ने बताया कि सर्जरी में उंगलियों के जीवित रहने और कार्यात्मक पुनर्प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए कई संरचनाओं को सावधानीपूर्वक पुन: जोड़ना आवश्यक था।

उन्होंने बताया कि सर्जरी के बाद, पुन: जोड़ी गई उंगलियों में रक्त प्रवाह बहाल हो गया है और मरीज की स्थिति स्थिर है और उसके ठीक होने के उत्साहजनक संकेत मिल रहे हैं। डॉ धवन ने



कहा, कई उंगलियों का प्रत्यारोपण एक अत्यंत चुनौतीपूर्ण और समयबद्ध प्रक्रिया है। ऐसे मामलों में तत्काल मेडिकल इंटरवेंशन व एडवांस्ड माइक्रोसर्जरी एक्सपर्टीज़ अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# लंबित पेंशन और पोर्टल समस्याओं को लेकर पेंशनभोगियों ने निदेशक से की मुलाकात

» प्रथम न्यूज । फगवाड़ा

09 मई ( कुलदीप सिंह )

पंजाब सरकार के लाखों पेंशनभोगियों की अप्रैल महीने की लंबित पेंशन जारी करने, पेंशन में देरी न होने देने और पेंशन पोर्टल पर लाइव सर्टिफिकेट, ईकेवाईसी टीसी और वृद्धावस्था भत्ते के समय पर भुगतान से संबंधित समस्याओं को हल करने के लिए, भजन सिंह गिल, करम सिंह धनोआ और सुखविंदर सिंह सैनी के नेतृत्व में पंजाब सरकार पेंशनभोगी संयुक्त मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल चंडीगढ़ पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल पेंशन वितरण एवं कोषागार निदेशक से मिलने गया, लेकिन निदेशक कार्यालय में नहीं थे, इसलिए उन्होंने उप निदेशक श्री सुनील सचदेवा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल से बात करते हुए उन्होंने विश्वासपूर्वक बताया कि लाइव सर्टिफिकेट अपडेट न होने के कारण पेंशन भुगतान में तकनीकी बाधा आ रही है और देरी हो रही है। लेकिन संयुक्त मोर्चे के नेताओं ने कहा कि यह समस्या कुछ पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों की हो सकती है, लेकिन सभी पेंशनभोगियों की पेंशन रोकना वृद्ध और असहाय पेंशनभोगियों के लिए एक बड़ा झटका है। इस संबंध में उन्होंने निदेशक के साथ बैठक करने का आश्वासन दिया, जिसके बारे में उन्होंने शाम को फोन पर सूचित किया कि संयुक्त सरकारी पेंशनभोगी मोर्चे की निदेशक के साथ बैठक शुक्रवार, 15 मई को दोपहर 12:00 बजे निर्धारित की गई है। इस बैठक में पेंशन निधि समय पर बैंकों में स्थानांतरित कर दी गई।

पेंशन पोर्टल से संबंधित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। * प्रतिनिधिमंडल में शामिल





संयुक्त मोर्चे के सदस्यों सुरिंदर राम कुसा, प्रेम चंद पंजोला, अमरिक सिंह, निर्मल सिंह, हरजीत सिंह और सुखमंदर सिंह गुलजार सिंह ने पंजाब सरकार से मांग की कि पेंशनभोगियों को उचित सुविधाएं प्रदान की जाएं।

पेंशन पोर्टल को या तो रद्द कर दिया जाए या इसे वैकल्पिक बना दिया जाए। माननीय न्यायालय के निर्णय के अनुसार, पेंशनभोगियों और कर्मचारियों का महंगाई भत्ता केंद्र सरकार के महंगाई भत्ते के 60त्न के बराबर किया जाना चाहिए। वेतन आयोग की सिफारिश के अनुसार, 2.59 का गुणांक और काल्पनिक संशोधन पद्धति लागू की जानी चाहिए। जसमेर सिंह बाथ, बाबू सिंह मरार, जगदीश सिंह सराओ, बिंदर सिंह, बिक्कर सिंह माछिके, जसविंदर सिंह अहलूवालिया, ज्ञान सिंह, मनजीत सिंह सैनी, शीतल राम कुलवंत सिंह, दर्शन सिंह उतल, मेवा सिंह, प्रीतम सिंह नागरा, करनैल सिंह हरविंदर सिंह, गुरदीप सिंह मलगर सिंह, प्रमोद कुमार जोशी, रतन सिंह गोरैया, पवन मसीह जालंधर, शीतल राम बंगा, कुलदीप सिंह कौरा और अन्य सदस्यों ने बताया कि विदेश में रहने वाले पेंशनभोगी अपने पेंशन प्रमाण पत्र दूतावास से सत्यापित करवाकर पहले की तरह भेज सकते हैं। अंत में, संयोजक ने प्रतिनिधिमंडल में शामिल सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया। आज के प्रतिनिधिमंडल में अविनाश शर्मा, धनवंत सिंह भट्टल, कुलवरन सिंह और एनके कालसी शामिल थे, जो अपनी घरेलू प्रतिबद्धताओं के कारण शामिल नहीं हो सके, लेकिन उन्होंने फोन पर मोर्चे के हर कार्यक्रम में पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

# लिवासा अस्पताल, मोहाली में मदर्स डे समारोह का आयोजन हुआ

**मोहाली ( जगमीत घुम्मन )-** मदर्स डे समारोह के अवसर पर शनिवार को लिवासा अस्पताल, मोहाली में बच्चों के लिए मनोरंजन पूर्ण खेल गतिविधियां और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य मातृत्व के सफर का सम्मान करना और महिलाओं एवं बच्चों के लिए करुणापूर्ण और समग्र स्वास्थ्य देखभाल के महत्व को रेखांकित करना था। इस अवसर पर, कंसलटेंट-पीडियाट्रिशियन और नियोनेटोलॉजिस्ट, डॉ अनमोल सिद्धू, कंसलटेंट-ऑब्सटेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजी डॉ अपूर्वा बर्धन और डॉ आकांक्षा निगम ने माताओं से बातचीत की और मातृ देखभाल, नवजात शिशु के स्वास्थ्य और पालन-पोषण संबंधी सहायता पर बहुमूल्य जानकारी साझा की। सीईओ- लिवासा अस्पताल अनुराग यादव ने कहा, ऐसी पहलों के माध्यम से, हमारा उद्देश्य न केवल स्वास्थ्य देखभाल के प्रति जागरूकता पैदा करना है, बल्कि माताओं और परिवारों के लिए भावनात्मक समर्थन प्रणाली भी विकसित करना है। फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ अभिषेक गर्ग ने कहा, समारोह को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया ने इसे वास्तव में यादगार बना दिया।




# जनगणना 2027: गुरदासपुर में फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

» प्रथम न्यूज । गुरदासपुर

09 मई ( संदीप सन्नी )

भारत में पहले चरण के मकान सूचीकरण और मकानों की गणना के संबंध में जिला गुरदासपुर के लगभग 52 फील्ड ट्रेनर्स की तीन दिवसीय ट्रेनिंग पंचायत भवन में सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। ये प्रशिक्षित फील्ड ट्रेनर अब जिले के 13 चार्ज अधिकारियों के अधीन गणनाकारों और सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।

### राष्ट्रीय कर्तव्य को प्राथमिकता से निभाएं : उपायुक्त

उप अर्थ एवं आंकड़ा सलाहकार-कम-एडिशनल जिला सेंसस अधिकारी राजेश शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण के समापन पर डिप्टी कमिश्नर-कम-प्रिंसिपल सेंसस ऑफिसर आदित्य उप्पल ने फील्ड ट्रेनर्स को संबोधित किया। उन्होंने प्रशिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे आगे की ट्रेनिंग को पूरी कुशलता से संपन्न करें ताकि जिले की जनगणना प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा सके।

**सेल्फ एन्यूमरेशन ( स्व-गणना ) पर जोर :** एडिशनल जिला सेंसस अधिकारी ने बताया कि फील्ड ट्रेनर्स को प्रोत्साहित किया गया है कि वे आम जनता को 30 अप्रैल से 14 मई के बीच अधिक से अधिक स्व-गणना करने के लिए प्रेरित करें।

**महत्वपूर्ण तिथियां : 13 अप्रैल :** आम जनता के लिए स्व-गणना पोर्टल खुल चुका है।

**15 मई से 13 जून 2026 :** पंजाब में पहले चरण की जनगणना और मकानों का सूचीकरण किया जाएगा।

**प्रशिक्षण टीम का धन्यवाद :** राजेश शर्मा ने सभी मास्टर ट्रेनर्स और फील्ड ट्रेनर्स का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें इस राष्ट्रीय महत्व की ड्यूटी को पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर चंडीगढ़ से जनगणना विभाग की सहायक निदेशक सुप्रिया और सेंसस अधिकारी अंकुश शर्मा भी उपस्थित थे। जिला मास्टर ट्रेनर लेक्चरार गुरमीत सिंह भोमा (स्टेट अवार्डी) और संजीव कुमार ने तीन दिनों तक प्रशिक्षुओं को विस्तृत जानकारी प्रदान की।





# ईन्दौर न0 वन की जगह स्वच्छ सर्वेक्षण 2025/26 का नम्बर वन प्रयागराज को मिलेगा

**प्रयागराज ( ब्यूरो )-** प्रयागराज को स्वच्छता मे नंबर-1 बनाने मे मोबाईल के एक फिटबैक करने का जिस तरह नागरिको का समर्थन मिल रहा नगर निगम के श्रृष्टी बेस्ट मैनेजमेंट के टिम को लोग टीम के पास पहुचकर क्यू आर कोड को अपने मोबाईल से साट लेकर फिटबैक कर रहे जिस तरह नागरीको मे फिटबैक करने का उत्साह दारागंज के दुकानदारो मे और आजाद पार्क मे सुबह मार्निग वाक करने वाले योगा करने वाले अपना पूरा समर्थन दे रहे टीम को ईससे 2025/26 के होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण मे प्रयागराज को नम्बर वन पहुचाने मे पूरा सहयोग प्रयागराज के आम नागरीको का होगा वही श्रृष्टी बेस्ट मैनेजमेंट के ब्राण्ड एमबैस्डर दुकानजी फिटबैक का स्लोगन लिखे परिधान पहनकर घूम घूम कर लोगो को जागरूक के साथ कह रहे आपके एक फिट बैक करने से प्रयागराज स्वच्छ सर्वेक्षण 25/26 मे नम्बर वन का खिताब पाकर रहेगा। ईस स्वच्छता अभियान से आप हमेशा के लिये शहर की तस्वीर बदल सकते है स्वच्छ सर्वेक्षण मे आपकी भागीदारी की अहम भूमिका रहेगी।

# अमरनाथ जाने वाले यात्रियों के लिए जारी किए गए मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र : डॉ. तेजेंद्र सिंह चौहान

» प्रथम न्यूज । कुरुक्षेत्र

09 मई ( बृज मोहन )

अमरनाथ जाने वाले यात्रियों के लिए स्वास्थ्य महानिदेशक द्वारा मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र देने के लिए दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

इसके लिए जिला एवं मंडल स्तर पर बोर्ड का गठन किया गया है। जिला स्तर पर गठित बोर्ड में प्रधान चिकित्सा अधिकारी अथवा चिकित्सा अधीक्षक अध्यक्ष होंगे और फिजिशियन व अस्थि रोग विशेषज्ञ



इसके सदस्य होंगे। इसी तर्ज पर उपमंडल स्वास्थ्य संस्थानों में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी प्रभारी होंगे और फिजिशियन एवं अस्थि रोग विशेषज्ञ बोर्ड के सदस्य होंगे। यह जानकारी लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल के कार्यकारी प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. तेजेंद्र सिंह चौहान ने दी।

उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया के तहत आज लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल में अमरनाथ जाने वाले करीबन 150 प्रार्थियों ने अपनी मेडिकल जांच कराई। आज फिजिशियन डॉ.शैलेंद्र ममगाईं शैली, डॉ.गौरव चावला,अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. गुंजन उपाध्याय एवं डॉ.अनूप मेहता ने कार्यकारी प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ.तेजेंद्र सिंह चौहान के बोर्ड ने प्रार्थियों की मेडिकल फिटनेस संबंधी औपचारिकताएं पूरी की।

डॉ.चौहान ने बताया कि निजी चिकित्सकों द्वारा जारी किए गए मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे और राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत अमरनाथ जाने वाले यात्रियों को कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

# असला अमुनेशन सप्लाई करने के मामले में सीआईए-1 पुलिस द्वारा आरोपी काबू

» प्रथम न्यूज । कैथल

09 मई ( कृष्ण गर्ग )

अवैध असला-अमुनेशन सप्लाई करने वाले अपराधियों पर एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के आदेशानुसार शिकंजा कसते हुए सीआईए-1 द्वारा एक असला सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अवैध असला-अमुनेशन बरामदगी के एक मामले की जांच सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत सिंह की अगुवाई में एएसआई रघुबीर सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी




गांव माघो माजरी निवासी प्रदीप कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 19 अप्रैल को सीआईए-1 पुलिस के एएसआई रघुबीर सिंह व एचसी पवन कुमार की टीम की टीम द्वारा सारण बस अड्डे के पास से आरोपी गांव पेगा जिला जींद निवासी अभिषेक को काबू किया गया था। जिसके कब्जे से एक .32 बोर का अवैध पिस्तौल व एक कारतूस बरामद हुआ था। जिस बारे थाना तितरम में मामला दर्ज किया गया था। आरोपी अभिषेक से पूछताछ उपरांत खुलासा हुआ था कि उसको यह असला अमुनेशन आरोपी प्रदीप द्वारा सप्लाई किया गया था। आरोपी को न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।





# अपनी इस परफॉर्मेंस को लेकर नोरा फतेही ने महिला आयोग से मांगी माफी

## अनाथ बच्चियों की शिक्षा का उठाया जिम्मा

कन्नड़ फिल्म 'केडी द डेविल' के गाने 'सरके चुनर' में अपनी परफॉर्मेंस को लेकर विवादों में घिरीं अभिनेत्री नोरा फतेही गुरुवार को राष्ट्रीय महिला आयोग के सामने पेश हुईं।

आयोग के समक्ष अभिनेत्री ने अपनी बात रखते हुए न केवल गलती स्वीकार की बल्कि भविष्य के लिए एक बड़ा फैसला भी लिया। नोरा ने राष्ट्रीय महिला आयोग के बाहर मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने बताया कि उनका उद्देश्य किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना या महिलाओं की छवि को गलत तरीके से पेश करना नहीं था।

नोरा ने कहा, मैं अपने किए पर माफी मांगती हूं, मेरा उद्देश्य किसी की भी भावना को ठेस पहुंचाना नहीं था। मैं बस एक ऐसी स्थिति में फंस गई थी, जहां चीजें विवादित हो गईं। एक कलाकार होने के नाते मुझे जिम्मेदार होना चाहिए, इसलिए मैं तहे दिल से माफी मांगती हूं।

उन्होंने महिला आयोग के सदस्यों का आभार जताते हुए कहा कि आयोग ने उनकी बात को बहुत ही दयालुता और संवेदनशीलता के साथ सुना। नोरा ने कहा, हमारी बहुत अच्छी बातचीत हुई है, सारी बातें लिखित में पूरी कर ली है। अब हमने फैसला किया है कि हमें समाज के लिए भी कुछ अच्छा करना चाहिए। इसी सोच के साथ हमने कुछ अनाथ लड़कियों की पढ़ाई का खर्च उठाने का निर्णय लिया है। धन्यवाद।

इससे पहले इसी मामले में संजय दत्त भी 27 अप्रैल को महिला आयोग के सामने पेश हुए थे। सुनवाई के दौरान संजय दत्त ने भी आयोग से माफी मांगी थी और सामाजिक कल्याण तथा महिला सशक्तीकरण की दिशा में कदम उठाते हुए 50 आदिवासी बच्चियों की पढ़ाई का खर्च उठाने का ऐलान किया था। बता दें कि फिल्म के गाने 'सरके चुनर' के रिलीज होने के बाद से ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लोगों की भारी नाराजगी देखने को मिली थी।

कई लोगों ने आरोप लगाया था कि इस तरह के गाने अश्लीलता को बढ़ावा देते हैं, जबकि कुछ लोगों ने कलाकारों की सामाजिक जिम्मेदारी पर सवाल खड़े किए थे। बढ़ते विवाद को देखते हुए आयोग ने नोरा फतेही को नोटिस भेजा और व्यक्तिगत रूप से मौजूद होकर सफाई देने के लिए कहा था।

# इंतजार खत्म!

## राम चरण की 300 करोड़ के बजट वाली फिल्म का आ रहा ट्रेलर, ए आर रहमान से है खास कनेक्शन



साउथ सुपरस्टार राम चरण की फिल्म पेड्डी सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है. इस फिल्म का इंतजार साल 2026 की शुरुआत से ही फैंस कर रहे थे लेकिन ये फिल्म अभी तक रिलीज नहीं की जा सकी है. हालांकि इसकी फिक्स्ड रिलीज डेट तो आ गई है और फिल्म कुछ दिनों में ही सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी. वहीं फिल्म के ट्रेलर को लेकर भी फैंस काफी समय से उत्सुक थे. अब पता चल गया है कि आखिर पेड्डी फिल्म का ट्रेलर किस दिन आएगा.

फिल्म के ट्रेलर रिलीज के लिए मेकर्स द्वारा खास इंतजाम किए गए हैं और इस इवेंट में मशहूर म्यूजिशियन ए आर रहमान भी परफॉर्म करते नजर आएंगे. आइए जानते हैं कि कब 300 करोड़ रुपये के बजट में बन रही फिल्म पेड्डी का ट्रेलर रिलीज किया जाएगा.

### कब आएगा पेड्डी फिल्म का ट्रेलर?

पेड्डी फिल्म की बात करें तो इस फिल्म का ट्रेलर 16 मई 2026 को जारी किया जाना है. मध्यप्रदेश के भोपाल में एक ग्रैंड इवेंट होगा जहां इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया जाएगा. ट्रेलर लॉन्च इवेंट में पेड्डी फिल्म की कास्ट और क्रू के शामिल होने की संभावना है. फिल्म की बात करें तो इस इवेंट में बुचि बाबू सना, राम चरण, जान्हवी कपूर, वेंकट सतीश किलारू और सुकुमार जैसे सेलेब्स शामिल हो सकते हैं. फिल्म की रिलीज डेट की बात करें तो ये फिल्म 5 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है.

### ए आर रहमान करेंगे परफॉर्म

पेड्डी के ग्रैंड इवेंट की खास बात ये होगी कि इसमें ऑस्कर अवॉर्ड विनर ए आर रहमान भी परफॉर्म करते नजर आएंगे. इस इवेंट को बड़े पैमाने पर लॉन्च किया जाना है और अभी से इसकी तैयारी भी भोपाल में शुरू हो गई है. मालूम हो कि ए आर रहमान ने ही इस फिल्म का म्यूजिक भी दिया है.

फिल्म की बात करें तो इसका निर्देशन बुची बाबू सना कर रहे हैं और फिल्म का निर्माण वैंकट सतीश किलारु और ईशान सक्सेना कर रहे हैं.

फिल्म में राम चरण और जान्हवी कपूर के अलावा शिव राजकुमार, जगपति बाबू और देव्येंदु भी नजर आएंगे. 300 करोड़ के बजट में बन रही ये तेलुगू फिल्म 4 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज कर दी जाएगी.

# दिलजीत दोसांझ क्या पंजाब की राजनीति में करेंगे एंट्री?

**पंजाबी संगीत और फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ इन दिनों एक अलग वजह से चर्चा में हैं। पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया पर यह चर्चा तेज हो गई थी कि क्या दिलजीत दोसांझ आने वाले समय में पंजाब की राजनीति का नया चेहरा बन सकते हैं।**



## सोशल मीडिया पर चल रही खबरों का सिंगर ने दिया जवाब

दरअसल, उनकी बढ़ती लोकप्रियता, युवाओं के बीच उनकी मजबूत पहचान और समाज से जुड़े मुद्दों पर उनकी खुलकर राय रखने की वजह से लोग इस तरह की बातें कर रहे हैं। अब इन सभी चर्चाओं के बीच दिलजीत दोसांझ ने अपनी चुप्पी तोड़ी और साफ किया कि उनका राजनीति में आने का कोई इरादा नहीं है। दिलजीत दोसांझ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स की टाइमलाइन पर एक पंजाबी अखबार की खबर को फिर से शेयर किया। इस खबर में सवाल पूछा गया था कि क्या दिलजीत दोसांझ पंजाब का नया राजनीतिक चेहरा बन सकते हैं। खबर में उनकी बढ़ती लोकप्रियता और लोगों के बीच उनकी मजबूत इमेज का जिक्र किया गया। यह पोस्ट सामने आते ही सोशल मीडिया पर लोगों की प्रतिक्रियाएं तेज हो गई और राय देने लगे कि अगर दिलजीत राजनीति में आते हैं तो वह पंजाब के लिए नई सोच ला सकते हैं।

दिलजीत दोसांझ ने इस पूरे मामले पर सीधा जवाब दिया। उन्होंने अपने पोस्ट में पंजाबी में लिखा, 'कदे वी नहीं', यानी वह कभी राजनीति में नहीं आएंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा, मेरा काम लोगों का एंटरटेनमेंट करना है और मैं अपने इसी काम में बहुत खुश हूं। आप लोगों का बहुत-बहुत धन्यवाद। दरअसल, यह चर्चा उस समय ज्यादा बढ़ गई जब 'जागो पंजाब मंच' नाम के एक समूह की अपील सोशल मीडिया पर तेजी से फैलने लगी। यह अपील सीधे दिलजीत दोसांझ के नाम लिखी गई थी। इसमें पंजाब के लोगों से जागने, बदलाव लाने और उम्मीद बनाए रखने की बात कही गई।

इस अपील में पंजाब की हालत को लेकर कई गंभीर बातें कही गई थीं। इसमें लिखा गया, राज्य लगातार मुश्किलों का सामना कर रहा है और समाज में टूटन बढ़ती जा रही है।

सांप्रदायिक तनाव जैसे खतरे बढ़ रहे हैं और अब इन मुद्दों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। देश की सेवा करने वाले लोगों की सोच और जिम्मेदारी समाज को मजबूत बनाने में मदद कर सकती है। अपील के आखिर में इस ओर संकेत दिया गया कि दिलजीत दोसांझ ऐसे व्यक्ति हो सकते हैं जो लोगों की उम्मीदों पर खरे उतरें। इसमें कहा गया कि समय अब जवाब मांग रहा है और पंजाब को ऐसे चेहरे की जरूरत है जो लोगों को जोड़ सके।



# बॉक्स ऑफिस पर भूत बंगला का खौफ अभी भी जारी

## प्रियदर्शन-अक्षय कुमार की फिल्म ने उड़ाया गर्दा




बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार की फिल्म भूत बंगला को काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है. फिल्म को रिलीज हुए 22 दिन हो गए हैं और अभी भी इसका कलेक्शन 1 करोड़ रुपये के पार जा रहा है. फिल्म भारत में तो अच्छी कमा ही रही है बल्कि विदेश से भी इस फिल्म को रिस्पॉन्स मिल रहा है. लंबे वक्त के बाद इस फिल्म के जरिए अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की जोड़ी का कमाल देखने को मिला है. वहीं इसका असर भी सिनेमाघरों में देखने को मिला है. वहीं लंबे वक्त के बाद अक्षय कुमार की कोई हॉरर-कॉमेडी फिल्म रिलीज की गई है.

अक्षय कुमार की बात करें तो करीब 2 दशक पहले उनकी फिल्म भूल भुलैया रिलीज की गई थी और इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा परफॉर्म किया था. अभी भी ये अक्षय के करियर की टॉप 5 सक्सेसफुल फिल्मों में शामिल की जाती है. बता रहे हैं कि अक्षय कुमार की भूत बंगला का अब तक का वर्ल्डवाइड कलेक्शन कितना रहा है.

### भूत बंगला ने भारत में कितने कमाए?

प्रियदर्शन की फिल्म भूत बंगला की बात करें तो इस फिल्म ने सैकनिल्क की रिपोर्ट्स के मुताबिक रिलीज के 22वें दिन यानी शुक्रवार को 1.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया. फिल्म के इस कलेक्शन को असरदार माना जा रहा है. वहीं फिल्म का 22 दिनों का नेट कलेक्शन 151.75 करोड़ रुपये का हो गया है. फिल्म के ग्रॉस कलेक्शन की ओर रुख करें तो फिल्म ने 180.06 करोड़ रुपये कमा लिए हैं. मतलब की भारत में भी ये फिल्म 200 करोड़ क्रॉस करने की ओर बढ़ रही है.

### कितना हुआ भूत बंगला का वर्ल्डवाइड कलेक्शन?

वहीं फिल्म को विदेशों से भी अच्छा-खासा फायदा मिला है. इस फिल्म का 22 दिनों का ओवरसीज कलेक्शन 52.95 करोड़ रुपये का हो गया है. इसे अगर मिला लिया जाए तो फिर वर्ल्डवाइड कलेक्शन के तौर पर इस फिल्म ने 233.01 करोड़ रुपये का आंकड़ा छू लिया है. देखने वाली बात होगी कि क्या ये फिल्म अक्षय कुमार की टॉप 5 ग्रॉसिंग फिल्मों में शामिल हो सकती है कि नहीं.

### 250 करोड़ की ओर भूत बंगला

भूत बंगला फिल्म की बात करें तो इस फिल्म का बजट 140 करोड़ रुपये का बताया जा रहा है. लेकिन इस भारी-भरकम बजट के मुकाबले फिल्म ने 233 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है. फिल्म का ये कलेक्शन अच्छा माना जाएगा. हिट का तमगा तो इस फिल्म ने हासिल कर लिया है. लेकिन देखने वाली बात होगी कि फिल्म सुपरहिट हो पाती है कि नहीं. विदेश में इस फिल्म की कमाई अब लगभग थम सी गई है.

वहीं भारत में अभी भी इसे लोग पसंद कर रहे हैं. अब देखने वाली बात होगी कि फिल्म 300 करोड़ तक पहुंच पाती है कि नहीं. अगर ऐसा होता है तो ये अक्षय कुमार के करियर के लिहाज से पॉजिटिव साइन होगा.

# सलमान खान के जीजा संग रोमांस करेंगी तमन्ना भाटिया, रागिनी 3 में आयुष शर्मा की एंट्री

'भूत बंगला' से खूब पैसा कमाने के बाद अब एकता कपूर हॉरर थ्रिलर फ्रैंचाइजी 'रागिनी' का तीसरा पार्ट ला रही हैं. 'रागिनी 3' को लेकर लंबे वक्त से चर्चा हो रही है और इसपर नए-नए अपडेट्स सामने आ रहे हैं. लगातार इसकी कास्टिंग में भी बदलाव हो रहे हैं. 'रागिनी 3' में तमन्ना भाटिया लीड रोल में नजर आएंगी और उनके अपोजिट जुनैद खान होंगे. बीते दिनों खबर मिली थी कि इस फिल्म में 'नरगिस फाखरी' की एंट्री हो गई है. इसी बीच एक और बड़ा अपडेट 'रागिनी 3' पर सामने आया है. बताया जा रहा है कि



इसमें सलमान खान के जीजा आयुष शर्मा भी शामिल हो गए हैं. एकता कपूर की बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बन रही 'रागिनी 3' को शुरुआत में साहिर रजा डायरेक्ट करने वाले थे, लेकिन निर्देशक के शेड्यूल में टकराव की वजह से यो प्रोजेक्ट अटक गया. अब इस फिल्म के डायरेक्टर की कमान शशांक घोष को सौंपी गई है और इसपर काम शुरू हो गया है. अभी तक इसमें तमन्ना भाटिया, जुनैद खान और नरगिस फाखरी के जुड़ने की खबर थी और अब इसमें आयुष शर्मा की भी एंट्री हो गई है.

### आयुष शर्मा की 'रागिनी 3' में एंट्री

Variety India की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सलमान खान के जीजा आयुष शर्मा को फिल्म 'रागिनी' में एक अहम भूमिका के लिए कास्ट किया गया है. बताया जा रहा है कि इस फिल्म में तमन्ना भाटिया, आयुष और जुनैद दोनों के साथ रोमांटिक सीन करेंगी. वहीं, नरगिस फाखरी एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाते हुए नजर आएंगी.

### हॉरर इरोटिक नहीं होगी फिल्म

'रागिनी 3' हॉरर-इरोटिक फॉर्मेट से हटकर होगी. इस नई फिल्म को एक 'हाई-कॉन्सेप्ट सुपरनैचुरल थ्रिलर' के तौर पर पेश किया जा रहा है, जिसमें सस्पेंस, कॉमेडी और सुपरनैचुरल एलिमेंट्स पर ज्यादा फोकस रहेगा. खबरों के मुताबिक, मेकर्स का मकसद दर्शकों के लिए एक डेट नाइट हॉरर एक्सपीरियंस तैयार करना है. फिल्म अभी प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है और जुलाई 2026 में इसकी शूटिंग शुरू होने की उम्मीद है.

